रोहतक
मंगलवार, 18 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 142
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 46.7
न्यून. 31.1

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज




**भीषण हादसा**
**8.55** बजे सुबह मालगाड़ी कंचनजंघा एक्सप्रेस से पीछे से टकराई
**03** डिब्बे पटरी से उतरे क्षतिग्रस्त हुए

# जलपाईगुड़ी में कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकराई मालगाड़ी, 09 की मौत

## 41 घायल, 10 गंभीर, 7 यात्रियों व 2 रेलवे कर्मियों की जान गई, रेल मंत्री मौके पर पहुंचे
## रेलवे का दावा, सिग्नल पहले से ही खराब था, मालगाड़ी के चालक की गलती नहीं

भाषा ▶▶| न्यू जलपाईगुड़ी/कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार सुबह एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए। इनमें 10 की हालत गंभीर बनी हुई है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का चालक और यात्री ट्रेन का गार्ड शामिल है। दुर्घटना में घायल लोगों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहले पश्चिम बंगाल पुलिस के अधिकारियों के हवाले से कुछ स्थानीय खबरों में मृतकों की संख्या 15 बताई गई है। लेकिन रेलवे ने 9 मौत की पुष्टि की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास ही मालगाड़ी के इंजन द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने के कारण यह हादसा हुआ है। आंतरिक दस्तावेज़ों से पता चला कि मालगाड़ी को सभी लाल सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी गई थी, क्योंकि स्वचालित सिग्नलिंग 'विफल' हो गई थी। ऐसे में मालगाड़ी के चालक की गलती नहीं है। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि दस्तावेज, टीए 912 नामक एक लिखित प्राधिकार, मालगाड़ी के चालक को रानीपत्रा के स्टेशन मास्टर द्वारा जारी किया गया था, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने के लिए अधिकृत किया था।



### पीएम मोदी ने दुख जताया

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, प.बंगाल में रेल दुर्घटना दुःखद है। जिन लोगों ने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि हादसे में घायल हुए लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। मैंने अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों का सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है।

### रेल मंत्री मौके पर पहुंचे

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। वे यहां दुर्घटना के बाद राहत कार्यों का जायजा लेंगे। रेल मंत्री ने पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी।

### राज्यपाल और सीएम ने भी की समीक्षा

एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राहत कार्यों का निरीक्षण करने और घायलों से मिलने के लिए बाद में रेल दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया, राज्यपाल और मुख्यमंत्री राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए न्यू जलपाईगुड़ी में दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे। इस बीच, रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कंचनजंघा एक्सप्रेस ने बाकी यात्रियों को लेकर अप्रभावित डिब्बों के साथ कोलकाता के लिए यात्रा शुरू कर दी है।

**दुर्घटना की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे: वैष्णव**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कंचनजंगा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है। वैष्णव ने कहा कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर रेल परिचालन बहाल करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

(संबंधित पैकेज पेज 7 पर)



**अंबाला में सीएम नायब का ऐलान, पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना लॉन्च**

**बिजली उत्पादन के क्षेत्र में जल्द आत्मनिर्भर बनेगा हरियाणा**

# हिसार में 800 मेगावाट बिजली उत्पादन का नया संयंत्र लगेगा

## 7250 करोड़ से राजीव गांधी थर्मल पॉवर प्लांट खेदड़ में स्थापित होगी यूनिट

**रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए केंद्र 60,000 और हरियाणा सरकार 50,000 सब्सिडी देगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक और अहम कदम बढ़ा लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ऐलान किया कि हिसार के खेदड़ स्थित राजीव गांधी थर्मल पॉवर प्लांट में 7,250 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट की अतिरिक्त अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर यूनिट स्थापित की जाएगी। यूनिट शुरू होते ही प्रदेश बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अंबाला में 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली' योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा में अतिरिक्त अनुदान स्कीम का आरंभ किया और योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी बांटे।



- 100 यूनिट बिजली खपत करते हैं तो 200 रुपये बिल आएगा
- अंबाला, करनाल, हिसार जिले के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे

### अब जितनी बिजली खर्च होगी, उतना बिल आएगा

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बिजली का मंथली मिनिमम चार्ज खत्म करने की भी घोषणा की। अब से प्रदेश के लोग बिजली की जितनी यूनिट खर्च करेंगे उतना ही बिल आएगा। यानी आप 100 यूनिट बिजली खपत करते हैं तो 200 रुपये बिल आएगा। नायब ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के शुभारंभ अवसर पर कहा कि इस योजना से 1,80,000 रुपये से कम आय वाले गरीब परिवारों को रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार 60,000 और हरियाणा सरकार 50,000 की सब्सिडी देगी।

### रूफ टॉप सोलर प्लांट पर 1,10,000 खर्चा

योजना के तहत रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने पर 1,10,000 खर्चा आएगा, लेकिन उपभोक्ता को जेब से कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। इसी प्रकार 1,80,000 से 3 लाख तक की आय वाले परिवारों को केंद्र द्वारा 60,000 और 20,000 की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इस योजना को शुरू करने का संकल्प पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या की पवित्र भूमि से लिया गया था। आज इसे प्रदेश में अमलीजामा पहनाया जा रहा है। देश ग्रीन एनर्जी की तरफ अग्रसर सीएम ने कहा कि देश में सौर ऊर्जा पर बहुत ही तेजी से कार्य हो रहा है।

# प्रदेश में प्रधान चुनाव प्रभारी और देब सह प्रभारी नियुक्त

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, सांसद बिप्लब देब को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। देब पहले से यहां की कमान संभाल रहे हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जा रही है, ताकि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मात दी जा सके। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से सोमवार को यह जानाकारी दी गई है। प्रदेश में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने तय हैं और नई सरकार का गठन भी होना है।





### 3 राज्यों में भी प्रभारी नियुक्त

भाजपा ने महाराष्ट्र, झारखंड व जम्मू-कश्मीर में भी प्रभारी नियुक्त किए हैं। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को सह-प्रभारी बनाया है। जी किशन रेड्डी को जम्मू_कश्मीर के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

## बांदीपोरा में सुरक्षा बलों ने आतंकी मार गिराया

**श्रीनगर(भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिले के अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई और सुरक्षाबलों ने आतंकी को मार गिराया।

**रियासी हमले की जांच करेगी एनआईए :** 9 जून को रियासी में हुए तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस मामले में नई एफआईआर दर्ज की गई है।

**खबर संक्षेप**

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में पांच माओवादी ढेर

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार को तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच माओवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से करीब 200 किलोमीटर दूर गुआ पुलिस थाना क्षेत्र के लिपुंगा इलाके के पास सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता व महानिरीक्षक अमोल वी होमकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लिया है। सुबह चार शव बरामद किए गए, जबकि एक महिला माओवादी का शव बाद में मिला।

# राहुल रायबरेली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करेंगे

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने किया ऐलान**

## प्रियंका गांधी वायनाड से उपचुनाव लड़ेंगी



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट अपने पास रखेंगे और केरल की वायनाड सीट खाली कर देंगे, जहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा उपचुनाव लड़ेंगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को यह जानकारी दी। खरगे ने इस मुद्दे पर उनके आवास पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के चर्चा करने के बाद कहा, 'राहुल गांधी दो लोकसभा सीट से जीते हैं, लेकिन कानून के अनुसार उन्हें एक सीट खाली करनी होगी। राहुल रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे। हमने निर्णय लिया है कि प्रियंका वायनाड से (लोकसभा उपचुनाव) लड़ेंगी।' राहुल ने कहा कि उनके लिए यह एक मुश्किल फैसला था, क्योंकि रायबरेली और वायनाड, दोनों से उनका भावनात्मक लगाव है। वहीं, प्रियंका ने कहा, 'मैं वायनाड के लोगों को राहुल की कमी महसूस नहीं होने दूंगी।'

# दिल्ली में आईजीआई एयरपोर्ट पर बिजली गुल, काउंटर ठप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को बिजली गुल हो गई। इसके कारण करीब आधे घंटे के लिए चेक इन और बोर्डिंग सेवाएं ठप रहीं। इस दौरान लोगों को काउंटर पर भी सर्विस नहीं मिल पाई। एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा-बिजली गुल होने से दिल्ली एयरपोर्ट का टी-3 टर्मिनल पूरी तरह से ठप है। कोई काउंटर नहीं, कोई डिजी यात्रा नहीं, कुछ भी काम नहीं कर रहा।

**टी-3 टर्मिनल पर आधे घंटे तक चेक इन और बोर्डिंग नहीं कर सके यात्री**

**पावर ग्रिड में खराबी**

एयरपोर्ट के पावर ग्रिड में खराबी के कारण दोपहर करीब 2:45 बजे बिजली गुल हुई थी। हालांकि कुछ देर बाद बिजली की सप्लाई बहाल कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया कि आउटेज के बाद पावर को बैक-अप पर शिफ्ट होने में कुछ समय लगा। इसके बाद बोर्डिंग गेट पर बैगेज लोडिंग, डिजीयात्रा और एयर कंडीशनर जैसी सभी प्रोसेस रीबूट हो गईं। दिल्ली पर तीन टर्मिनल हैं। टर्मिनल 1 और 2 डोमेस्टिक फ्लाइट के लिए हैं, जबकि टर्मिनल 3 इंटरनेशनल और डोमेस्टिक दोनों ऑपरेशन्स को संभालता है।

# मणिपुर हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गृह मंत्रालय मणिपुर में जातीय विभाजन को पाटने के लिए जल्द से जल्द मेइती और कुकी समुदायों से बात करेगा। गृह मंत्री ने यहां मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी और राज्य में शांति एवं सौहार्द बहाल करने के लिए उन्हें रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए। शाह ने निर्देश दिया कि पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि गृह मंत्रालय दोनों समूहों, मेइती और कुकी, से बात करेगा ताकि जातीय विभाजन को पाटा जा सके। उन्होंने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापित लोगों के लिए उचित स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं तथा उनका पुनर्वास सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर भी शामिल हुए।



बैठक के बाद शाह के निर्देश, बैठक में सेना प्रमुख और रॉ के अधिकारी शामिल हुए

**बैठक** नड्डा और शाह ने भाजपा मुख्यालय में प्रदेश के नेताओं से लिया फीडबैक

**बैठक में सीएम सैनी, मनोहर लाल, धर्मेन्द्र प्रधान, सुधा यादव, गुर्जर और कै. अभिमन्यु मौजूद रहे**

# हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में हुआ मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा हाईकमान ने सोमवार को हरियाणा को लेकर बड़ी बैठक की। पार्टी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में शाम को हुई बैठक में लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर मिली हार की समीक्षा के साथ ही प्रदेश में जल्द होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी मंथन किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पुनिया, प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, कृष्णपाल गुर्जर, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।




### पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक में की गई। प्रदेश भाजपा के नेताओं से नड्डा और शाह ने पूछा कि पार्टी राज्य में 2019 के प्रदर्शन को दोहरा पाने में असफल क्यों रही। राज्य में पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत के कारणों की भी पड़ताल बैठक में की गई।

### प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द

विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा जल्द प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकती है। फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सैनी ही प्रदेश अध्यक्ष हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी के भीतर इस बात पर गंभीर मंथन हो रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर किसी वरिष्ठ नेता को बैठाया जा सकता है। बता दें कि इस अहम बैठक में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की जीत की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि हालिया लोकसभा चुनाव के संदर्भ में देखें तो कांग्रेस को 46 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल हुई है। यह भाजपा के लिए चुनौती बनी हुई है।

**विवाद** एनसीईआरटी ने कहा-कौन सा शब्द लिखा जाए, यह बहस बेकार

**सकलानी बोले-हमें दोनों शब्दों से किसी तरह की नापसंदगी नहीं**

# हम किताबों में भारत और इंडिया दोनों लिखेंगे, जो संविधान कहेगा, वही मानेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने सोमवार को कहा कि अपनी किताबों में हम भारत और इंडिया दोनों लिखेंगे। जो संविधान कहेगा, हम वही मानेंगे। कौन सा शब्द यानी (इंडिया या भारत) लिखा जाए, यह बहस बेकार है। किताबों में भारत और इंडिया शब्द इंटरचेंजिएबली तरीके (कभी भारत तो कभी इंडिया) से किया जाएगा। एनसीईआरटी का यह बयान इसलिए अहम है, क्योंकि कुछ महीनों पहले सोशल साइंस के सिलेबस पर काम कर रहे एक हाईलेवल पैनल ने इंडिया की जगह भारत लिखने का प्रस्ताव रखा था। अब एनसीईआरटी प्रमुख दिनेश प्रसाद सकलानी ने न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में साफ किया कि किताबों में दोनों नामों का इस्तेमाल किया जाएगा। हमें दोनों शब्दों से किसी तरह की नापसंदगी नहीं है। हम ये नहीं करेंगे कि या तो इंडिया लिखें या भारत। हम अभी भी दोनों नाम लिख रहे हैं।

### पैनल ने दिया था प्रपोजल

एनसीईआरटी अपने सिलेबस में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव के लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी के चेयरपर्सन सीआई आइजैक ने 25 अक्टूबर को बताया कि भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में है, जो 7 हजार साल पुराने हैं। इंडिया नाम आमतौर पर ईस्ट इंडिया कंपनी और 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद इस्तेमाल होना शुरू हुआ। ऐसे में देश के लिए भारत नाम का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

### एनसीईआरटी संघ की शाखा की तरह काम कर रहा : जयराम रमेश

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 2014 से एनसीईआरटी संघ से जुड़े संस्थान की तरह काम कर रहा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट एग्जाम 2024 में ग्रेस मार्क्स के लिए एनसीईआरटी पर आरोप लगाया है। एनसीईआरटी लंबे समय से प्रोफेशनल संस्थान नहीं रह गया है। रमेश ने ये भी कहा कि एनसीईआरटी को मानना चाहिए कि वह नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग है, न कि नागपुर या नरेंद्र मोदी काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग।

## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज से

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन में आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 18 और 24 जून को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### भंडारी को हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

चंडीगढ़। हिमाचल में सरकार अस्थिर करने के आरोप मामले में हरियाणा सीएम के पब्लिसिटी एडवाइजर तरुण भंडारी को शिमला हाईकोर्ट से राहत मिल गई। भंडारी पुलिस जांच में शामिल होंगे। भंडारी राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग मामले में चर्चा में आए थे। पुलिस से उन्हें कई नोटिस मिल चुके थे।

### पंचायत मंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**चंडीगढ़।** विकास, पंचायत एवं सहकारिता राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को पानीपत के दिवाना और खलीला प्रहलादपुर में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार खुले दरबार कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। उक्त दोनों गांव की इस कार्यक्रम में करीब 120 जन समस्याएं पहुंची। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश

## मुख्यमंत्री ने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि ब्यूर ▶▶ चंडीगढ़

- मानसून के लिए अभी से तैयारी के निर्देश
- समय सीमा में प्रोजेक्ट पूरे किए जाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) के औद्योगिक क्षेत्र में बिजली , पानी ,सड़क , सीवरेज जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर की जाएं ताकि उद्योगपतियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से एचएसआईआईडीसी को स्थानांतरित की गई सभी सम्पदाओं में भी जरूरी सुविधाएं जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री यहां एचएसआईआईडीसी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने राज्य में एचएसआईआईडीसी की विभिन्न सम्पदाओं की विस्तृत जानकारी हासिल करते हुए कहा कि अधिकारी किसी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने की एक समय -सीमा निर्धारित करें , अगर इसमें ढिलाई बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने पिछले वर्ष अंबाला औद्योगिक क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान की रिपोर्ट लेते हुए कहा कि इस बार बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए अभी से पुख्ता प्रबंध कर लें , किसी भी उद्योगपति का नुकसान नहीं होना चाहिए।



**चंडीगढ़।** अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी का सदुपयोग करें

मुख्यमंत्री ने उद्योगों से निकलने वाले पानी को ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से उचित प्रकार से ट्रीट करके पुनः उपयोग में लाने की सलाह दी और कहा कि यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि इससे जमीनी पानी भी ख़राब न हो ताकि नागरिकों के पेयजल को दूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने एचएसआईआईडीसी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स और प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स की जानकारी भी प्राप्त की और इस दिशा में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव आशिमा बराड़, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार भारत भूषण भारती के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नवनियुक्त चुनाव प्रभारी से मिले मुख्यमंत्री सैनी

## प्रदेश की राजनीति पर किया मंथन



**नई दिल्ली।** प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करते मुख्यमंत्री।

**नई दिल्ली ।** हरियाणा भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी हाईकमान भी इस दिशा में खासा सक्रिय है।

पार्टी हाईकमान ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा का चुनाव प्रभारी व पूर्व सीएम बिप्लब देब को सह प्रभारी नियुक्त किया। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर दोनों नेताओं ने प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, राज्यसभा चुनाव व आगामी विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा की।

# 15 जुलाई से शुरू होगी पिंजौर सेब मंडी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणा की है कि पिंजौर में सेब (फल) और सब्जी मंडी 15 जुलाई, 2024 को चालू हो जाएगी। सेब बेचने के लिए मंडी में सभी बुनियादी सुविधाएं 15 जुलाई से पहले उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे विक्रेताओं को अधिक जगह मिलेगी। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य भर में कृषि बाजारों को चलाने की दक्षता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### अब किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना की आयु सीमा 75 वर्ष : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य के दौरान लाभार्थी पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत आयु पात्रता 65 वर्ष से बढ़ाकर 75 वर्ष करने की घोषणा की है। बिजली गिरने से होने वाली मृत्यु, पशु-संबंधी दुर्घटनाओं और ट्यूबवेलों से जहरीली गैसों के रिसाव को शामिल कर योजना का विस्तार किया जाएगा। विभाग ने पिछले 7 वर्षों में योजना के तहत लाभार्थियों को 134 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। इस योजना के दायरे में आने वाले दावेदारों में मृत्यु की स्थिति में मुआवजा 5,00,000 रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने या अन्य कारणों से हुई स्थायी विकलांगता के लिए सहायता राशि 2,50,000 रुपये, दो अंगों के विच्छेदन या स्थायी गंभीर चोट के मामले में 1,87,500 रुपये, स्थायी गंभीर चोट या एक अंग के विच्छेदन के लिए और जहां चार उंगलियों के विच्छेदन को एक अंग के नुकसान के बराबर माना जाता है, उसके लिए मुआवजा 1,25,000 रुपये, यदि पूरी उंगली कट जाती है, तो प्रदान की जाने वाली सहायता 75,000 रुपये, उंगली के आंशिक विच्छेदन के लिए, वित्तीय सहायता 37,500 रुपये की गई है।

# शाह से मिले बिश्नोई, राज्यसभा जाने की चाहत

## दीपेन्द्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर लॉबिंग तेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा भाजपा के नेता कुलदीप बश्निोई ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। माना जा रहा है कि हरियाणा में दीपेन्द्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई राज्यसभा सीट पर उम्मीदवार बनने के लिए बिश्नोई दल्लिी में सक्रिय हो गये हैं। इसी के चलते उन्होंने अमित शाह से मुलाकात की है। शाह से मुलाकात के दौरान कुलदीप के साथ उनकी पत्नी रेणुका बिश्नोई भी थी। हालांकि कुलदीप बिश्नोई ने मुलाकात के बाद कहा कि उन्होंने





केंद्रीय गृहमंत्री से प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। गौरतलब है कि कुलदीप बिश्नोई हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा की हिसार सीट से टिकट के दावेदार थे लेकिन भाजपा हाईकमान ने यहां से हरियाणा सरकार में मंत्री रणजीत सिंह को उम्मीदवार बना दिया था। इसके कुछ दिन तक कुलदीप ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया था, हालांकि बाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मनाने पर उन्होंने रणजीत के पक्ष में प्रचार किया था। रणजीत लोकसभा चुनाव हार गये। सूत्रों का कहना है कि कुलदीप बिश्नोई अब राज्यसभा की खाली हुई सीट से संसद पहुंचने के इच्छुक हैं। दीपेन्द्र हुड्डा के लोकसभा की रोहतक सीट से चुनाव जीतने के बाद खाली हुई राज्यसभा सीट पर यूं तो भाजपा के कई नेताओं की नजर है पर कुलदीप लॉबिंग में जुट गये हैं। हालांकि इस राज्यसभा सीट पर वोटों का समीकरण एकतरफा नहीं होने के चलते तय नहीं कि सत्तारूढ़ भाजपा बाजी मारेगी या विपक्ष यह सीट जीतेगा। अमित शाह से मुलाकात के बाद सोशल प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर बैठक की जानकारी दी।

# सेना में नियमित भर्ती करे सरकार : दीपेंद्र

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सरकार से अग्निपथ



योजना पूरी तरह वापस लेकर सेना में रेगुलर भर्ती शुरू करने की मांग की। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए कि अग्निपथ योजना जैसा घातक सुझाव किसने कहने पर लागू किया गया। क्योंकि न तो देश की फौज की तरफ से ये मांग आई, न देश के नौजवान ने इसकी मांग की और न ही किसी राजनीतिक दल ने ऐसी मांग की। उन्होंने कहा कि देश की फौज और देश की सुरक्षा कभी राजनीति का विषय नहीं हो सकता। ये देश जय जवान, जय किसान, जय संविधान का है भाजपा सरकार इसे जय धनवान का देश बनाना चाहती है, हम ऐसा नहीं होने देंगे। आगे मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे।

# प्रदेश में पेयजल किल्लत के लिए सरकार जिम्मेदार : सुशील गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को हरियाणा में बढ़ते जल संकट को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जल संकट पैदा हो गया है। जनता में हाहाकार मचा हुआ है और सरकार की नींद नहीं टूट रही है। इसकी ज़िम्मेदार सीधा सीधा भाजपा की राज्य सरकार है। पिछले 10 साल में इन्होंने पानी पर कोई काम नहीं किया है। प्रदेश भर में गली गली में महिलाएं मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही हैं। ये सरकार अपनी विफलता और भ्रष्टाचार की वजह से लोगों के अधिकार का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हरियाणा के कई गांवों के खेतों में पानी भरा हुआ है और सरकार खेतों से पानी



नहीं निकाल पा रही है। जिस कारण लगातार फसल खराब हो रही है। सरकार पानी की बर्बादी रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही। वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही। हरियाणा सरकार ने पानी के इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कोई कदम नहीं उठाए है। उन्होंने कहा कि पीने का पानी भी गांवों में नहीं पहुंच रहा है। इस हालात के लिए हरियाणा की बीजेपी सरकार जिम्मेदार है। सरकार की गलती का खामियाजा जनता भुगत रही है।

# शिक्षा के निजीकरण पर तुली सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़/ सिरसा।** सिरसा की सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव (उत्तराखण्ड प्रभारी) कुमारी सैलजा ने कहा कि



बीजेपी की सरकार शिक्षा का निजीकरण कर रही है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं पर सरकार रिक्त पदों पर भर्ती नहीं कर रही। इससे प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा मिल रहा है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह बड़ी समस्या बनती जा रही है क्योंकि उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में ही शिक्षा ग्रहण करते है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे बच्चों को शिक्षा से वंचित रख कर उन्हें और ज्यादा पिछाड़ना चाहती है। कुमारी सैलजा ने जारी एक बयान में कहा कि हरियाणा के 2300 स्कूलों में 9995 पद पीजीटी शिक्षकों के रिक्त है। इतने पद खाली होने से यह कहा जा सकता है कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था लचर हो चुकी है।

# आप सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता



केजरीवाल के 30 जून को हरियाणा दौरे को चलते बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बताया कि आम आदमी पार्टी की महारैली चरखी दादरी में होगी। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों का शंखनाद करेंगी। 90 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री आगामी महा रैली की तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगी।


## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री रणधीर सिंह श्रीमती सुनीता, रणधीर डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10288023) | 14-06-2024 रु. 1075362.00/- (रुपये दस लाख पचहतर हजार तीन सौ बासठ केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव सेगा तहसील कैथल, जिला कैथल, हरियाणा, भारत-136027 में स्थित खेवट नं. 115, खेवट नं. 132 और खेवट नं. 133, खेवट नं. 112 में से सम्पत्ति क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, built_up_area, Carpet_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2250.00, 1575.00, 1300.00 |
| श्री सुमित, श्रीमती कृष्णा, सुमित डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10365592) | 14-06-2024 रु. 906627.00/- (रुपये नौ लाख छह हजार छह सौ सताईस केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव चौथ, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा, भारत-136027 में स्थित खेवट नं. 78 मिन, मुरबा नं. 18//21/2 मिन में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, built_up_area, Carpet_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4628.00, 1965.00, 1572.00 |
| श्री अजीत, श्रीमती पूनम देवी, अजीत कॉस्मैटिक शॉप (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10379174) | 14-06-2024 रु. 605736.00/- (रुपये छह लाख पांच हजार सात सौ छत्तीस केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव धाडोली, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126113 में स्थित खेवट नं. 180, खाता नं. 195, कित्ते 20 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, built_up_area, Carpet_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 10103.00, 1232.00, 1000.00 |
| श्री महिपाल, श्रीमती सुमन, महिपाल डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10380805) | 14/06/2024 रु. 728921.00/- (रुपये सात लाख अठाईस हजार नौ सौ इक्कीस केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव मानस, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा, भारत-136027 में स्थित खसरा नं. 425-433/1 में निहित 294 मिन में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, Carpet_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1440.00, 1259.00, 1007.00 |
| श्रीमती नीलम, श्री राजेश कुमार, मै. राजेश इलैक्ट्रिशियन (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10562133) | 13-06-2024 रु. 767475.00/- (रुपये सात लाख सड़सठ हजार चार सौ पचहतर केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बरसारी, लाल डोरा, तहसील नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा, हरियाणा-125110 में स्थित LGD ID 607480013 U.I.D No. 60748NJ0MOS3RR013A सहित प्लॉट/मकान, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Carpet_area, Built_up_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4297.00, 3437.00, 3619.00 |
| श्री हनुमान सिंह, मै. हनुमान डेयरी फार्म, श्रीमती विधा देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10679821) | 13-06-2024 रु. 620297.00/- (रुपये छह लाख बीस हजार दो सौ सतानवे केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव डांग खुर्द, तहसील तोशाम, जिला भिवानी, हरियाणा-127111 में स्थित U.I.D NO. 61252N00M1000RR0136A सहित प्लॉट/मकान, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Carpet_area, Built_up_area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1485.00, 944.00, 1180.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय** : 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103, / अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय** : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 18.06.2024 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


# कंसल्टेंट डॉक्टरों द्वारा ओपीडी न लगाने का मामला गरमाया, स्वास्थ्य विभाग के एसीएस ने मांगी रिपोर्ट

## शिकायतों पर सरकार गंभीर, कार्रवाई की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

- ओपीडी की तुलनात्मक सूची बनाकर भेजने के निर्देश

सेवानिवृत्त चिकित्सकों को क्लीनिकल ड्यूटी के लिए बतौर कंसलटेंट रखे जाने और उनसे प्रशासनिक कामकाज लिए जाने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। इस बारे में लगातार राज्य की नायब सैनी सरकार, सेहत मंत्री और अतिरिक्त मुख्य सचिव के पास में लगातार शिकायतें जा रहीं हैं। डाक्टरों द्वारा क्लीनिकल कामकाज नहीं करने, ओपीडी में मरीज नहीं देखने पर संज्ञान राज्य सरकार व मंत्री ने ले लिया है। इसी क्रम में एसीएस हेल्थ ने डीजी हेल्थ पंचकूला स्वास्थ्य मुख्यालय से इस बारे में सेवानिवृत्त होकर लगने वाले चिकित्सकों का जिलेवार ब्यौरा मांग लिया है। उनके कामकाज और ओपीडी में देखे जाने वाले मरीजों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है।

### विस्तृत ब्यौरा तलब

जानकारी अनुसार हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक कार्यालय को पत्र भेजकर प्रदेश के अंदर रखे कंसल्टेंट सीनियर और कंसलटेंट चिकित्सा अधिकारियों को लेकर विस्तृत ब्यौरा तलब कर लिया है। ए.सीएस ऑफिस की ओर से एचसीएमएस कैडर के बारे में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा सरकार की ओर से भेजे पत्र में डीजी हेल्थ हरियाणा को तुरंत मांगी गई सूचना देने के लिए कहा है। बीती छह जून के पहले सप्ताह में भेजे पत्र को लेकर अभी डीजी हेल्थ ऑफिस की ओर से जानकारी तैयार की जा रही है। पत्र में जो जानकारी मांगी गई है, उसमें हरियाणा राज्य में एचसीएमएस कैडर में कुल कितने कंसलटेंट कहां-कहां लगे हुए हैं।

### प्रशासनिक कामकाज करने पर मनाही

एक बार फिर से एसीएस हेल्थ ने साफ कर दिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद लगे चिकित्सकों को मरीज देखने होंगे ना कि वे प्रशासनिक कामकाज करेंगे। राज्य की सरकार और मुख्य सचिव तक शिकायत पहुंचने के बाद में इस मामले में सरकार की ओर से कदम उठाए जाने लगे हैं। डीजी हेल्थ से एसीएस ऑफिस ने पूर्व में भी जवाब मांगा गया है। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे कदमों को उचित कहा है। एसोसिएशन का कहना है कि केवल सेवा में रहने वाले (वर्किंग) चिकित्सकों को ही अहम फाइलों का जिम्मा दिया जाए, रिटायर लोगों को नहीं क्योंकि भ्रष्टाचार के शिकायतें सरकार के पास जा रहीं हैं। रिटायर होकर री-इंप्लॉयमेंट लेने वाले चिकित्सक और वरिष्ट कंसलटेंट क्लीनिकल काम ही करें। यहां पर उल्लेखनीय है कि सेहत विभाग के एसीएस स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डा. आरएस पूनिया को लिखित में भेजकर ध्यान देने के लिए लिखा है। इतना ही नहीं सेवानिवृत्त डेंटल निदेशक डाक्टर प्रवीण सेठी की शिकायत भी पहुंची थी। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संज्ञान ले लिया है। एसीएस ने पिछले दिनों तुरंत प्रभाव से डाक्टर सेठी से प्रशासनिक काम वापस लेकर क्लीनिकल काम ही देने को कहा है, पूरे मामले में कार्रवाई कर तीन दिनो में एक्शन लेने के लिए कहा गया था ।पूरे मामले में सिरसा ऐलनाबाद निवासी अर्जुन मेघवाल ने सरकार को शिकायत दर्ज कराई थी। सेठी पहले डेंटल निदेशक और बाद में सेवानिवृत्ति के बाद सीनियर कंसलटेंट तैनात दो गए। सीनियर कंसलटेंट को केवल क्लीनिकल काम ही दिया जाएगा। वे केवल मरीजों को देखेंगे, लेकिन प्रदेश में कई प्रशासनिक कार्यों का जिम्मा संभाले हुए हैं। उधर, ओपीडी में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे मरीजों की परेशानी बढ़ती है।

### जिलेवार ब्योरा मांगा

इसकी जिलेवार ब्योरा प्रदान किया जाए, इसके अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव ऑफिस की ओर से विभागीय अधिसूचना के अनुसार कंसलटेंट और वरिष्ठ कंसलटेंट चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्त किया जाता है। उक्त कंसलटेंट क्लीनिकल ड्यूटी करते हैं, पत्र में कहा गया है कि यह सूचित किया जाए कि प्रत्येक कंसलटेंट जब से उस स्थान पर नियुक्त हुआ है, वो प्रतिदिन कितनी ओपीडी देख रहा है। इसका भी जानकारी भेजी जाए इसके अलावा विशेषज्ञ के चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन देखी जाने वाली और स्पेशलिस्ट के कंसल्टेंट द्वारा देखी जाने वाली ओपीडी का तुलनात्मक तालिका सूची बनाकर भेजा जाए। पत्र में यह भी सूचित करने के लिए कहा गया है कि कितने कंसलटेंट सीनियर कंसल्टेंट को क्लीनिकल ड्यूटी के अलावा अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। अगर वे गैर क्लीनिकल काम कर रहे हैं, तो क्या कर रहे हैं।


## भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE
### अग्निवीरवायु के तौर पर भारतीय वायु सेना में शामिल हों

**भारतीय वायु सेना अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीरवायु भर्ती 02/2025 के लिए चयन परीक्षा हेतु अविवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है**

ऑनलाइन पंजीकरण तिथियां : 08 जुलाई 2024 को 1100 बजे से 28 जुलाई 2024 को 2300 बजे तक।
ऑनलाइन परीक्षा तिथियां : 18 अक्तूबर 2024 से आगे तक।
पंजीकरण हेतु वेब पोर्टल : https://agnipathvayu.cdac.in
जन्मतिथि ब्लॉक : 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच जन्म होना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता**

(ए) विज्ञान विषय

उम्मीदवारों को न्यूनतम कुल 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंकों सहित केन्द्रीय, राज्य और यूटी द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी सहित इंटरमीडिएट / 10+2 / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिए।

अथवा

डिप्लोमा कोर्स में कुल 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंकों (अथवा इंटरमीडिएट / मैट्रिकुलेशन में, यदि डिप्लोमा कोर्स में अंग्रेजी एक विषय नहीं है) सहित केन्द्रीय, राज्य और यूटी मान्यताप्राप्त बहुतकनीकी संस्थान से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल /इलैक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/कम्प्यूटर साइंस/इंस्ट्रयूमेंटेशन टेक्नोलॉजी/इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी) में तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण।

अथवा

वोकेशनल कोर्स में कुल 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंकों (अथवा इंटरमीडिएट / मैट्रिकुलेशन में, यदि वोकेशनल कोर्स में अंग्रेजी एक विषय नहीं है) सहित केन्द्रीय, राज्य और यूटी द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से नॉन-वोकेशनल सब्जेक्ट यथा भौतिकी और गणित सहित दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स उत्तीर्ण।

(बी) विज्ञान विषयों के अतिरिक्त

न्यूनतम कुल 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंकों सहित केन्द्रीय, राज्य और यूटी द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से किसी संकाय / विषयों में इंटरमीडिएट / 10+2 / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

वोकेशनल कोर्स में न्यूनतम कुल 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंकों (अथवा इंटरमीडिएट / मैट्रिकुलेशन में, यदि वोकेशनल कोर्स में अंग्रेजी एक विषय नहीं है) सहित केन्द्रीय, राज्य और यूटी द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स उत्तीर्ण।

टिप्पणी-1 : विज्ञान विषयों की परीक्षा हेतु पात्र उम्मीदवार (इंटरमीडिएट/10+2/इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स अथवा भौतिकी और गणित के नॉन-वोकेशनल विषयों सहित दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स समेत) भी विज्ञान विषयों के अतिरिक्त, के लिए पात्र हैं और ऑनलाइन पंजीकरण प्रपत्र भरते समय एक सिटिंग में विज्ञान विषयों और विज्ञान विषयों के अतिरिक्त परीक्षा दोनों में उपस्थित होने के लिए एक विकल्प दिया जाएगा।

**पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क : रु. 550/- जमा जीएसटी।**

**अग्निवीरवायु भर्ती 02/2025 के लिए प्रविष्टि स्तरीय योग्यता, चिकित्सा मानकों, नियम एवं शर्तों, ऑनलाइन आवेदन भरने और पंजीकरण हेतु निर्देशों पर विस्तृत जानकारी के लिए लॉग ऑन करें https://agnipathvayu.cdac.in**

आवेदन के पंजीकरण और जानकारी हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें

cbc 10803/11/0006/2425

### जींद सहित दिल्ली, राजस्थान के युवकों को बनाया शिकार

# दुबई में टूर एंड ट्रैवल और सैलून का काम शुरू करवाने के नाम पर 200 करोड़ की ठगी

■ पीड़ित लोगों ने निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गिरफ्तारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पीड़ित उपेंद्र शर्मा। फोटो : हरिभूमि

दुबई में टूर एंड ट्रैवल और सैलून का काम शुरू करवाने के नाम पर करोड़ों रुपये हड़पने के मामले में आरोपितों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की गुहार को लेकर पीड़ित लोगों ने सोमवार को निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत की। यहां पीड़ित उपेंद्र शर्मा ने बताया कि विदेश में टूर एंड ट्रैवल का बिजसनैस शुरू करवाने के नाम पर उनके साथ साढ़े 17 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। वहीं, अन्य लोगों से करीब 200 करोड़ की ठगी का मामला भी सामने अया है। इसकी शिकायत आठ जून को सिविल लाइन पुलिस थाने में दी गई थी। पुलिस आरोपितों को पकड़ने में लगी हुई हैं और उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा है व जल्द ही आरोपित पुलिस गिरपफ्त में होंगे। उनका मुख्य उद्देश्य यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस गिरोह के बारे में पता लगे और वह ठगी का शिकार नहीं हो। उपेंद्र शर्मा ने कहा कि 2018 में उसके भाई भूपेंद्र की मौत हो गई थी। उसके भाई की मृत्यु के बाद शोक प्रकट करने के लिए उनके एक करीबी के साथ स्वाति साहनी, उसका पति विवेक चौहान व शिवाली घर पर आए थे। स्वाति साहनी ने उसके भाई भूपेंद्र की पत्नी अनीता को अपनी बातों में उलझा लिया। स्वाति साहनी ने उनके घर पर आना जाना शुरू कर दिया और उसके परिवार को विदेश में टूर एंड ट्रैवल और सैलून का कार्य करने के बारे में बताया। परिवार को स्वाति साहनी व उसके विवेक चौहान पति पर उसको पूरा विश्वास हो गया। स्वाति साहनी ने धोखाधड़ी करने की नीयत से विदेश में व्यापार के नाम पर अपने खाता में 17 करोड़ 54 लाख रुपए डलवा लिए। जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तर्तरपता से कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान उपेंद्र शर्मा को पता लगा कि आरोपी स्वाति साहनी व उसके विवके चौहान ने उसे ही नहीं अलग-अलग जगह से दूसरे लोगों से भी विदेश में कारोबार जमाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। गुजरात में एक व्यक्ति से 25 करोड़ रुपये दिल्ली में एक व्यक्ति से 85 करोड़ रुपये सहित कुल मिला कर अलग-अलग लोगों से 200 करोड़ की ठगी कर दुबई में लेकर चली गई।

#### इंस्टाग्राम पर जाल में फंसाते हैं आरोपित

आरोपियों के खिलाफ जींद के साथ-साथ दिल्ली की जनकपुरी सहित आठ से दस मुकदमे दर्ज है। आरोपितों ने बहुत सारे लोगों के साथ ठगी की है। पीड़ित अमित शर्मा ने कहा कि इंस्टाग्राम पर आरोपित विवेक चौहान बड़े बिजनसमैन बन कर लोगों के पास मैसेज भेजकर अपने जाल में फंसाता है।

### ब्रह्मकुमारी आश्रम की दो बहनों से 1.29 लाख की ठगी

**फतेहाबाद।** गांव जमालपुर शेखां स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम की दो बहनों से साइबर ठगों ने 1 लाख 29 हजार 487 रुपये ठग लिए। खुद को उनका रिश्तेदार बताकर ठगों ने वारदात को अंजाम दिया। इस बारे अब पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम की संचालिका शिखा गुप्ता ने कहा है कि उसके पास एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने उसे उसका रिश्तेदार बताया। शिखा ने कहा कि फोन करने वाले की आवाज उसके एक रिश्तेदार से मिलने के कारण वह उसके झांसे में आ गई। फोन करने वाले ने कहा कि उसने किसी से पैसे लेने है और वह यह पैसे उसके खाते में डलवा देता है। वह उससे बाद में यह पैसे ले लेगा। ऐसा कहकर उक्त युवक ने उसके बैंक खाते बारे जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद बैंक खाते से कुल 4 बार में 99 हजार 497 रुपये निकाल लिए।

### कार्यालय के शीशा तोड़े, फैक्ट्री के गार्ड को धमकी देकर रुपयों की मांग

# आईएमटी खरखौदा में नीलगिरी कंपनी के मालिक से मांगी 50 लाख की चौथ

■ दिल्ली के रहने वाले फैक्ट्री मालिक मुकेश ने खरखौदा थाने में दर्ज करवाया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। मौके पर टूटे पड़े शीशे एवं पुलिस टीम के साथ जांच करने पहुंचे एसीपी क्राइम वीरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

आईएमटी खरखौदा में फैक्टरी मालिक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। गांव रामपुर के युवक पर रंगदारी मांगने के आरोप लगे हैं। आरोप है कि युवक दो साथियों के साथ फैक्टरी के कार्यालय के गार्ड को धमकी देकर गया है। साथ ही रविवार की रात को कार्यालय का शीशा तोड़कर रुपयों की मांग की गई है। फैक्टरी मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी, खरखौदा जीत सिंह बेनीवाल व एसीपी क्राइम वीरेंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। आईएमटी में नीलगिरी मशीनरी ग्लोबल प्राइवेट फैक्टरी लगी है। आईएमटी के मुख्य मार्ग पर फैक्टरी का कार्यालय बना हुआ है। आईएमटी में नीलगिरी एकमात्र फैक्टरी है जिसमें उत्पादन हो रहा है। कंपनी की तरफ से करीब पौने दो साल पहले यहां फैक्टरी को शुरू किया गया था। अन्य कंपनी निमार्णाधीन ही है। कंपनी मालिक दिल्ली के रोहिणी निवासी मुकेश गोयल का कहना है कि उनके गार्ड धर्मबीर ने कई दिन पहले भी उन्हें बताया था कि रामपुर गांव का रहने वाला अमरजीत अपने एक साथी के साथ आया था और उनके साथ गाली-गलौज कर धमकी देकर गया था कि अगर तेरे मालिक को यहां पर फैक्टरी चलानी है तो कह देना 50 लाख रुपये भिजवा देगा। रविवार गार्ड धर्मबीर ड्यूटी पर था तो फिर से वह युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज की और कार्यालय का सामने का शीशा तोड़ दिया और पैसे मांगे।

#### सीसीटीवी में संदिग्ध कैद

सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि युवक अपनी वैगनआर कार लेकर फैक्टरी कार्यालय के बाहर आकर गेट के बाहर से ही किसी से बात करता दिखाई दे रहा है। इस दौरान एक और युवक कार से उतरकर उसके पास आता दिखाई देता है वहीं कार्यालय के शीशे टूटने की वारदात भी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही है।

#### की जा रही जांच

फैक्टरी मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें लगाई गई हैं, जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।
-जीत बेनीवाल, एसीपी खरखौदा

## यमुना नहर में नहाने गए कार मैकेनिक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर में दादूपुर हेड के नजदीक दोस्तों के साथ नहाने गए कार मैकेनिक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। गांव बसातियां वाला निवासी मृतक के भाई संजीव कुमार ने बताया कि उसका भाई 24 वर्षीय विकास कार मैकेनिक का काम करता था और अविवाहित था। विकास बाइक पर अपने दोस्तों अरुण और दीपक के साथ दादूपुर हेड के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर पर नहाने गया था।



पोस्टमार्टम के दौरान शोकाकुल

#### डूबे युवक का सुराग नहीं

**सफीदों।** सफीदों की हांसी ब्रांच नहर में नहाते वक्त डूब गए युवक शुभम का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई अतापता नहीं चल पाया। माता-पिता व रिश्तेदारों के अलावा सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह पुलिस बल के साथ नहर पटरी पर पहुंच गए थे।

### जींद: बालिका के साथ डेरा महंत ने की अश्लील हरकत

**जींद।** गांव डोहानाखेडा डेरे में आरती में गई बालिका के साथ महंत द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने बालिका के पिता की शिकायत पर महंत के खिलाफ अश्लील हरकत करने, दस पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डोहानाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान के नजदीक डेरा बना हुआ है। जिसमें लगभग दो माह से श्याम कालोनी आगरा यूपी निवासी राजकुमार महंत बन कर रह रहा है। डेरे में बने मंदिर में शाम को आरती के दौरान 12 वर्षीय तथा आठ वर्षीय बेटी वहां पर चली जाती है। डेरे के महंत राजकुमार ने आरती के दौरान बेटी से अश्लील हरकत की।

### फेस वीनियर का सामान खरीद कर व्यापारी से हड़पे 46.62 लाख

**यमुनानगर।** फेस वीनियर का सामान खरीद कर व्यापारी से 46 लाख 62 हजार रुपए हड़प लिए गए। आरोप सरस्वती कॉलोनी जगाधरी निवासी कशिश जग्गा व उसकी मां अनीता जग्गा पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित में रूद्रम वुड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजीव पासी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका फेस विनियर ट्रेडिंग का काम है। आरोपी कशिश जग्गा जेके वुड प्रोडक्ट्स के नाम से व्यापार करता है। जिसके झांसे में आकर ठगी का शिकार हो गया।

## गोहाना में करंट लगने से 3 श्रमिकों की मौत, 1 झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना।

■ ट्राली वाली सीढ़ी बिजली लाइन की तारों से टकराने पर हादसा

गांव मुंडलाना के पास एक फैक्ट्री के गेट के पास करंट लगने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक झुलस गया। ट्राली वाली सीढ़ी बिजली लाइन के तारों से टकरा गई जिससे हादसा हुआ। सदर थाना गोहाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। गांव मुंडलाना के पास सिमकोन फैक्ट्री में रेल लाइन के स्लीपर तैयार किए जाते हैं। फैक्ट्री के गेट के पास बिजली की हाईटेंशन लाइन है। सोमवार देर रात को श्रमिक सीढ़ी को फैक्ट्री में ले जा रहे थे तो बिजली लाइन के तारों से टकरा गई। इसी दौरान करंट लगने से उत्तरप्रदेश में कुशीनगर के ज्योतिष सैनी, राजन सैनी, गांव माहरा के विकास की मौत हो गई जबकि जागसी गांव का नितिन झुलस गया। चारों को गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहां पर ज्योतिष सैनी, राजन सैनी व विकास को मृत घोषित कर दिया गया और नितिन को दाखिल किया गया। सदर थाना की पुलिस जांच कर रही है। थाना प्रभारी महिपाल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### निर्माणाधीन भवन में काम करते समय 15 साल के किशोर की मौत

■ सीढ़ी से गिरकर टॉयलेट टैंक में भरे पानी में डूबने से हुई मौत

**बराड़ा।** निर्माणाधीन मकान में काम करते हुए 15 वर्षीय लड़के की पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। गड्ढे की खुदाई टॉयलेट टैंक बनाने के लिए की गई थी। हादसे के वक्त सीढ़ी पर चढ़कर प्लंबर का काम कर रहा था। अचानक सीढ़ी से नीचे गिरा तो सीधा पानी से भरे गड्ढे में जा गिरा, और पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसा रविवार शाम को बराड़ा की करनाल कॉलोनी में हुआ। मृतक के पिता ने प्लंबर और मकान मालिक पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

■ ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव बुडेड़ी के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव महमूदपुर निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव भेड़थल अड्डे के पास जूस की रेहड़ी लगाता है। वह गांव बुडेड़ी निवासी विशाल को अच्छी तरह से जानता है।



## खबर संक्षेप

### चीन ने ऋण दर में नहीं किया बदलाव

**बैंकॉक।** चीन के केंद्रीय बैंक ने सोमवार को प्रमुख ऋण दर में कोई बदलाव नहीं किया। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मई के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्रों में लगातार कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। इसके बावजूद कर्ज को सस्ता नहीं किया गया है।

### आरबीआई ने किया पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पूर्वांचल सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा गया है।

### डुलैंक्स टॉप आईपीओ से जुटाएगी 41 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** डुलैंक्स टॉप सरफेस ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 40.80 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। सॉलिड सरफेस के कारोबार से जुड़ी कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है।

### सुजलॉन के तांती बने जीडब्ल्यूईसी के प्रमुख

**नई दिल्ली।** सुजलॉन के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती को ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल इंडिया का प्रमुख चुना गया है। निकाय ने एक बयान में कहा कि उन्हें अप्रैल में जीडब्ल्यूईसी का उप-प्रमुख चुना गया था। बयान के मुताबिक, यह पद राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के साथ जीडब्ल्यूईसी इंडिया के काम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# हुंडई की भविष्य में चार इलेक्ट्रिक मॉडल उतारने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आने वाले समय में चार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की योजना बनाई है जिनमें लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा का बिजलीचालित संस्करण भी शामिल होगा।

- कंपनी ने आईपीओ के लिए दस्तावेज सेबी के पास जमा किए

हुंडई मोटर इंडिया ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की मंजूरी के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दायर दस्तावेजों के मसौदे में यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में ही कंपनी क्रेटा का ईवी संस्करण लेकर आ सकती है।

## क्रेटा का बिजलीचालित संस्करण मार्च तिमाही में

### जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में क्रेटा की ईवी मॉडल

कंपनी ने कहा, 'हमने महंगी प्रीमियम ईवी के साथ बदलाव की रणनीति पर चलना शुरू किया है और आने वाले समय में व्यापक बाजार के लिए मॉडल उतारे जाएंगे। इस रणनीति के तहत भविष्य में हमारा चार ईवी मॉडल लेकर आने का इरादा है जिनमें जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में क्रेटा का ईवी मॉडल भी शामिल है।'



### सबसे बड़ा आईपीओ साबित होगा

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने पिछले सप्ताह आईपीओ की मंजूरी के लिए सेबी के समक्ष शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो यह भारत में एलआईसी से भी बड़ा आईपीओ साबित होगा। एलआईसी वर्ष 2022 में 21,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई थी।

### हुंडई फिलहाल दो ईवी मॉडल बेच रही

फिलहाल कंपनी भारत में आयोनिक5 और कोना इलेक्ट्रिक के रूप में दो ईवी मॉडल बेच रही है। इनकी कीमत क्रमशः 45 लाख और 24 लाख रुपये है। हुंडई मोटर ने कहा है कि वह भारत में बाजार मांग के अनुरूप ईवी मॉडल को उतारने की रणनीति पर चल रही है ताकि प्रत्येक मूल्य वर्ग में उसके बिजलीचालित मॉडल मौजूद हों।

### कलपुर्जों का उत्पादन स्थानीय स्तर पर

दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, ईवी मॉडल को पेट्रोल एवं डीजल की तुलना में प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए ईवी के अधिकतम कलपुर्जों का उत्पादन स्थानीय स्तर पर करने की योजना है। इनमें बैटरी और इंजन के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण भी शामिल होंगे। इसके अलावा ईवी की आपूर्ति श्रृंखला को स्थानीय स्तर पर तैयार करने की भी योजना है।

- भारत द्वारा यूएई को दी गई रियायतों से यह मुमकीन हुआ
- भारत 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है

### उछाल को कम करने जीटीआरआई ने शुल्क संशोधन की जरूरत बताया

# यूएई से 2023-24 में सोना और चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है।

### रियायत मई 2022 से लागू की गई

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया।

### पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही आयात संभालती थी

*इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है। पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही ऐसे आयातों को संभाल सकती थीं।*

### शुल्क को घटाकर पांच फीसदी किया जाए

श्रीवास्तव ने कहा, 'भारत में सोने, चांदी और आभूषणों पर 15 प्रतिशत का उच्च आयात शुल्क समस्या की जड़ है। शुल्क को घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार करें। इससे बड़े पैमाने पर तस्करी और अन्य दुरुपयोग में कमी आएगी।'



### केवल कुछ आयातकों ही लाभ

श्रीवास्तव ने कहा कि सोने, चांदी के कम शुल्क आयात से केवल कुछ आयातकों को ही लाभ होता है, जो 'टैरिफ आर्बिट्रेज' के जरिए होने वाले सभी मुनाफे को अपने पास रख लेते हैं और इसे कभी भी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाते।

### व्यापार का दुरुपयोग होने की संभावना

*श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में सोने, चांदी और हीरे के व्यापार का दुरुपयोग होने की संभावना है, क्योंकि इनकी मात्रा कम है, लेकिन कीमत अधिक है और आयात शुल्क भी अधिक है।*

### यूएई से मौजूदा आयात टिकाऊ नहीं

शेष सभी उत्पादों का आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 49.7 अरब अमरीकी डॉलर से 25 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 37.3 अरब अमरीकी डॉलर हो गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूएई से सोने और चांदी का मौजूदा आयात टिकाऊ नहीं है, क्योंकि यूएई सोने या चांदी का खनन नहीं करता है या आयात में पर्याप्त मूल्य नहीं जोड़ता है।

### भारत का यूएई से कुल आयात घटा

रिपोर्ट में कहा गया, भारत का यूएई से कुल आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 53.2 अरब अमरीकी डॉलर से 9.8 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 48 अरब अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि सोने तथा चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़कर 3.5 अरब अमरीकी डॉलर से 10.7 अरब अमरीकी डॉलर हो गया।



- नियुक्त सदस्यों ने संभाला पदभार
- चेयरमैन डॉ. विनोद ने दी जानकारी

# ईएचएमसीएच की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**चंडीगढ़।** ईलेक्ट्रो होमियोपैथी मेडिकल काउंसिल ऑफ हरियाणा (ईएचएमसीएच) की सोमवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकरिणी में वाइस चेयरमैन डॉ विनोद तोबरिया और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पी के अरोड़ा को वापस कार्यकरिणी में शामिल किया गया। इनके अलावा डॉ. स्वेता रोहिला को वाइस चेयरमैन का कार्यभार दिया गया। प्रदेश के सभी डॉक्टर को उनके पद दिए गए। यह जानकार ईएचएमसीएच के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल ने दी।

### कार्यकारिणी में ये शामिल

डॉ महिपाल सिंह, अध्यक्ष एएएमसी इंडिया, डॉ. शिवानी वाइस चेयरमैन, डॉ. उषा खनगवाल रजिस्ट्रार, डॉ.विपिन कैशियर, डॉ. वंदना रानी जिला अध्यक्ष, गुड़गांव, डॉ. प्रीति रोहिल्ला जिला अध्यक्ष, सोनीपत, डॉ ख़ुशी, डॉ. जीतेन्द्र रोहिल्ला। अध्यक्ष डॉ. विनोद खांगवाल, उपाध्यक्ष डॉ. एन.एस. तेवतिया, उपाध्यक्ष डॉ. विनोद तोबरिया, उपाध्यक्ष डॉ. श्वेता रोहिल्ला, सचिव डॉ. ज्ञानचंद सैनी, संयुक्त सचिव डॉ. महेंदर तंवर, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पीके अरोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक, डॉ. लाल चंद गुप्ता, सलाहकार डी. देवेन्द्र कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. वेदपाल सिंह, जिला झज्जर अध्यक्ष डॉ. शिवराज, सचिव डॉ. रोहित कटारिया, जिला अध्यक्ष सिरसा डॉ. रुस्तम, सचिव डॉ. जयराम, जिला उपाध्यक्ष अम्बाला डॉ. वीरेंद्र राणा, सचिव डॉ. सोहन लाल, जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र डॉ. सतबीर सिंह, सचिव डॉ. रामलाल, जिला अध्यक्ष पानीपत डॉ. पवन, सचिव डॉ. सागर, जिला अध्यक्ष रेवाड़ी डॉ. हरि पार्क, सचिव डॉ. अमित, अध्यक्ष महेंद्रगढ़ डॉ. बरहम देव, सचिव डॉ. श्यामबीर, अध्यक्ष पलवल. डॉ. राजपाल, सचिव डॉ. विजय, अध्यक्ष मेवात डॉ. मुबारिक सचिव मेवात डॉ. सद्दाम हुसैन, अध्यक्ष हिसार डॉ. राजेश, अध्यक्ष यमुनानगर डॉ. विकास त्यागी, सचिव डॉ. जफर अहमद और लीगल सलाहकार डॉ. संदीप सैनी।

# भारत को रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई की जरूरत





भाषा ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पांच अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है। एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक 'नेक्सजेन एक्जीबिशन' ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं। इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया।




- 'नेक्सजेन एक्जीबिशन' ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए
- देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पांच अरब डॉलर का निर्यात कर पाएगा

# एकजुटता की मिसाल पेश की रुइया परिवार ने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कारोबारी घरानों में हाल के वर्षों में नियंत्रण को लेकर संस्थापकों के बीच सार्वजनिक रूप से झगड़े देखने को मिले हैं। ऐसे में धातु से लेकर बंदरगाह क्षेत्र में कारोबार करने वाला रुइया परिवार के नियंत्रण वाला एस्सार समूह एक अपवाद प्रतीत होता है। रुइया परिवार की तीन पीढ़ियां संस्थापक भाई शशि व रवि रुइया, उनके बच्चे और पोते-पोतियां एक ही छत के नीचे रहते हैं और संयुक्त रूप से व्यापारिक साम्राज्य चलाते हैं। वे मुंबई, दिल्ली और लंदन में अपने पारिवारिक घरों के साथ-साथ ऊर्जा, धातु और खनन, बुनियादी ढांचे तथा लॉजिस्टिक्स व प्रौद्योगिकी और खुदरा क्षेत्र में भी अपना कारोबार साझा करते हैं। पहली पीढ़ी के उद्यमी शशि और रवि रुइया ने 1969 में एस्सार समूह की स्थापना की थी, जब उन्हें मद्रास पोर्ट



ट्रस्ट से बंदरगाह में बाहरी ब्रेकवाटर के निर्माण के लिए 2.5 करोड़ रुपये का ठेका मिला था। एस्सार ने शुरुआती वर्षों में निर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। कर्ज चुकाने तेल रिफाइनरी आर्सेलर मित्तल को बेची इसने इस्पात संयंत्र, एक तेल रिफाइनरी और हचिसन के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार ऑपरेटर बनाया। इसने दूरसंचार कारोबार से बाहर निकलकर, रूस की रोसनेफ्ट के नेतृत्व वाले एक संघ को तेल रिफाइनरी बेच दी। बकाया कर्ज की वसूली के लिए दिवाला कार्यवाही शुरू होने के बाद इसे अपने इस्पात संयंत्र आर्सेलरमित्तल को देने पड़े।

### समूह का वर्तमान मूल्यांकन आठ अरब अमेरिकी डॉलर

करीब दो लाख करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने के बाद एस्सार अब खुद को नए सिरे से खड़ा कर रहा है। रुइया ने कहा, समूह का राजस्व करीब 15 अरब अमेरिकी डॉलर है। समूह की कर पूर्व आय के संदर्भ में हमारा 'रन रेट' करीब एक अरब डॉलर है, जो करीब 8,000 करोड़ रुपये है और समूह का वर्तमान मूल्यांकन...प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों का मूल्यांकन...करीब आठ अरब अमेरिकी डॉलर है।

## प्रतियोगिता दर्पण का सिविल सेवा स्पेशल अंकअब बाजार में उपलब्ध

**आगरा।** प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण जून 2024 अंक सिविल सेवा स्पेशल के रूप में आज बिक्री के लिये जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के सम्पादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक में "सिविल सेवा तथा पीसीएस (प्रा.) " जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रकाशित किया गया है जिसका अध्ययन सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। श्री जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे झारखण्ड सिविल सेवा प्रा., 69वीं बीपीएससी (मुख्य) आदि के साथ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. प्रा., बीपीएससी प्रधानाध्यापक परीक्षाओं के लिए विशेष मॉडल हल दिये गये हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अन्त में श्री जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियों में न केवल आत्मविश्वास जागृत करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुँचाएगा।

**KAMAL GRAMIN SHIKSHA SUDHAR SAMITI**
Vill-Pall, PO- Bairawas, District Mahendergarh (Haryana)-Pin Code: 123028
E-Mail: aryacollegeofedu@gmail.com, Contact: 9729303114

**ELECTION NOTIFICATION**

It is notified that the election of Office bearer, Members Teaching & Non-Teaching staff Representative of the governing Body of Arya College of Education, Vill-Pall, PO- Bairawas, District Mahendergarh (Haryana) for the post of President -01, Vice President-01, General Secretary-01, Treasurer-01, and Executive Members for the Governing Body of Arya College of Education, Vill-Pall, PO- Bairawas, District Mahendergarh (Haryana) will be held as per the following schedule :-
Date of Nomination :- 25-06-2024 to 28-06-2024 (1:00 PM to 5:00 PM)
Date of Scrutiny of Nomination :- 30-06-2024 (1:00 PM to 5:00 PM)
Date of Withdrawal of Nomination :- 02-07-2024 (1:00 PM to 5:00 PM)
Date of Allotment of Symbol :- 05-07-2024 if required (1:00 PM to 5:00 PM)
Date of Election :- 28-07-2024 if required (1:30 PM to 5:00 PM) at college campus
Date of Declaration of Result: 28-07-2024 (Just after the counting of votes)

**Ashok Kumar Yadav Retd. Principal Returning Officer**
Address :- House No. 1095, Sector-03, Rewari
Mobile No. 98685-17188

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5545




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5544 का हल





# सुपर-8 की सभी टीमें तय, 4 स्टेडियम में खेले जाएंगे 12 मैच, 3 मैदानों पर खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार सुबह सुपर-8 राउंड की सभी 8 टीमें तय हो गई। बांग्लादेश ने ग्रुप-डी के मुकाबले में नेपाल को हराकर इस राउंड में जगह बना ली। सुपर-8 में 12 मुकाबले 4 स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम इंडिया अपने 3 मैच 3 अलग-अलग मैदानों पर खेलेगी। इनमें से 2 मैदान बैटिंग फ्रेंडली है और एक में गेंदबाजी हावी रही है। सोमवार का पहला मुकाबला बांग्लादेश और नेपाल के बीच हुआ। इस मुकाबले जीत हासिल करने के बाद बांग्लादेश सुपर-8 में पहुंच गया। वहीं नीदरलैंड को अपने आखिरी मैच में हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की टीम सुपर-8 में भारत के साथ ग्रुप-1 में रहेगी।



### ग्रुप-ए से भारत-अमेरिका

ग्रुप-ए के सभी मैच खत्म हो गए। टीम इंडिया ने 7 पॉइंट्स के साथ पहला और अमेरिका ने 5 पॉइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारत सुपर-8 के ग्रुप-1 और अमेरिका ग्रुप-2 में है।

### ग्रुप-बी : ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड क्वालीफाई

ग्रुप-बी के भी सभी मैच खत्म हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने 8 और इंग्लैंड ने 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 राउंड में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के भी 5 ही पॉइंट्स थे, लेकिन इंग्लैंड से खराब रन रेट के कारण टीम तीसरे नंबर पर रही और अगले राउंड में नहीं पहुंच सकी। इस ग्रुप से नामीबिया और ओमान भी ग्रुप स्टेज पार नहीं कर सके।

### कल से सुपर-8 के मुकाबले

सुपर-8 स्टेज 19 जून से शुरू होगा, यहां 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ग्रुप-1 में हैं। ग्रुप-2 में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और अमेरिका हैं। इस राउंड से सभी मैच वेस्टइंडीज के 4 ग्राउंड पर होंगे। एंटीगुआ में 4 और सेंट विंसेंट में 2 मैच होंगे। वहीं सेंट लूसिया और बारबाडोस में 3-3 मैच खेले जाएंगे।



**भारत के मैच**

| दिनांक | खिलाफ | समय |
|---|---|---|
| 20 जून | अफगानिस्तान | रात 8 बजे |
| 22 जून | बांग्लादेश | रात 8 बजे |
| 24 जून | ऑस्ट्रेलिया | रात 8 बजे |

### सेंट लूसिया में ग्रुप-2 के 2 मैच

सेंट लूसिया में सुपर-8 स्टेज के 3 मैच होंगे, ग्रुप-2 के दो और ग्रुप-1 का एक। यहां स्कॉटलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच ग्रुप स्टेज का एक ही मैच खेला गया। नीदरलैंड-श्रीलंका मैच भी यहीं हो रहा है, साथ ही 18 जून को वेस्टइंडीज-अफगानिस्तान मैच भी यहां खेला जाएगा। पहले मैच के आधार पर कहें तो वेन्यू हाई स्कोरिंग है, लेकिन तेज गेंदबाजों को भी मदद मिली है।

### बारबाडोस में भी ग्रुप-2 के 2 मैच

बारबाडोस में टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा, यहां सुपर-8 के भी 3 मैच होंगे, दो ग्रुप-2 के और एक ग्रुप-1 का। यहां ग्रुप स्टेज के भी 5 मैच खेले गए, 2 में पहले बैटिंग और एक में पहले बॉलिंग करने वाली टीम को जीत मिली। एक मैच टाई और एक बेनतीजा भी रहा। 201 रन हाईएस्ट स्कोर रहा, लेकिन औसत स्कोर 148 ही है। साथ ही गेंदबाजों ने महज 6.90 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, यानी यहां लो-स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।

### सेंट विंसेंट में ग्रुप-1 के 2 मैच

सेंट विंसेंट स्टेडियम में सुपर-8 के 2 ही मैच होंगे, दोनों में ग्रुप-1 की टीम अफगानिस्तान शामिल रहेगी। यहां नेपाल-बांग्लादेश मैच खेला जा रहा है, यहां ग्रुप स्टेज के 2 और मैच भी खेले जा चुके हैं। दोनों ही बार पहले बैटिंग करने वाली टीमों को सफलता मिली। साउथ अफ्रीका ने तो नेपाल के खिलाफ महज 115 रन का स्कोर डिफेंड किया था। पेस के मुकाबले स्पिनर्स को यहां ज्यादा विकेट मिलते हैं। औसत स्कोर भी महज 131 रन रहा।

### एंटीगुआ में दोनों ग्रुप के 2-2 मैच

एंटीगुआ के विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सुपर-8 स्टेज के 4 मैच होंगे। यहां ग्रुप स्टेज के भी 4 मैच खेले गए, 1 में पहले बैटिंग और 3 में चेज करने वाली टीमों को जीत मिली। पहले बैटिंग करने वाली 2 टीमें 80 से कम के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई। वहीं एक मैच में बारिश के कारण ओवर कम करने पड़े। यहां का हाईएस्ट स्कोर 153 और ओसत स्कोर महज 91 रन है, लेकिन सुपर-8 में मजबूत टीमों के कारण हाई स्कोरिंग मुकाबले हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है। गंभीर ने 'एक्स' पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा।'

### बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर चिंतित हूं : शंटो

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो को खुशी है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रही। वह अपने बल्लेबाजों की खराब फॉर्म से निराश हैं और वह यह भी नहीं जानते कि उनके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रहे हैं। शंटो ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि हम सुपर आठ में खेलने जा रहे हैं लेकिन हमारे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। हमारे गेंदबाजों ने हालांकि पिछले तीन-चार मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'



### रोहित के कोच ने दिया मेरे कॅरियर को आकार

**नई दिल्ली।** अमेरिका में चल रहे टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इकतीस वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई।



### पाक टीम में कोई एकता नहीं : कोच कर्स्टन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में 'कोई एकता नहीं' है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में 'ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी'। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पिछले सत्र के उपविजेता के रूप में टूर्नामेंट में पहुंची पाकिस्तान टीम ने हाल के वर्षों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया।

## टी20 विश्व कप : 107 रन के टारगेट को चेस नहीं कर पाई नेपाली टीम

# बांग्लादेश की सुपर-8 में एंट्री, तंजीम का चौका, नेपाल को 21 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| किंग्सटाउन

बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में तीन मैच जीते।



### श्रीलंका ने नीदरलैंड को हराया दर्ज की सांत्वनाभरी जीत



**ग्रॉस आइलेट।** श्रीलंका ने आखिर में अपना जलवा दिखाया तथा ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में नीदरलैंड को 83 रन से हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का अंत किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद कुसाल मेंडिस (46) और चरिथ असलांका (46) की उपयोगी पारियों की मदद से 6 विकेट पर 201 रन बनाए। नीदरलैंड की टीम इसके जवाब में 16.4 ओवर में 118 रन बनाकर आउट हो गई। श्रीलंका की तरफ से नुवान तुषारा ने 24 रन देकर तीन विकेट जबकि मथीशा पथिराना (12 रन देकर दो) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (25 रन देकर दो) ने दो-दो विकेट लिए।

### फर्ग्युसन की रिकॉर्ड गेंदबाजी, न्यूजीलैंड ने पीएनजी को सात विकेट से हराया

**तारोबा (त्रिदिदाद एवं टोबैगो)।** तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने चार ओवर में चार मेडन फेंकते हुए तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी थी इसलिए यह महज औपचारिकता का मैच था। ग्रुप सी से अफगानिस्तान और सह मेजबान वेस्टइंडीज ने सुपर आठ में प्रवेश किया। फर्ग्युसन (बिना किसी रन के तीन विकेट), टिम साउथी (11 रन पर दो विकेट), टी20 विश्व कप में अपना अंतिम मैच खेल रहे ट्रेंट बोल्ट (14 रन पर दो विकेट) और ईश सोढ़ी (29 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम 19.4 ओवर में 78 रन पर ढेर हो गई। पीएनजी की ओर से चार्ल्स अमीनी (17), नोर्मन वनुआ (14) और सेसे बाऊ (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (35), कप्तान केन विलियमसन (नाबाद 18) और डेरिल मिचेल (नाबाद 19) की पारियों से 12.2 ओवर में तीन विकेट पर 79 रन बनाकर जीत दर्ज की। फर्ग्युसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सबसे किफायती गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया। वह इस प्रारूप के इतिहास में केवल दूसरे गेंदबाज बने जिसने अपने चारों ओवर मेडन फेंके। उन्होंने कनाडा के साद बिन जफर की बराबरी की।

## एटीपी रैंकिंग

# कॅरियर के सर्वोच्च 71वें स्थान पर पहुंचे नागल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके कॅरियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।


पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। पेरिस ओलंपिक में भी मैच रोलां गैरा में होंगे जहां फ्रेंच ओपन खेला जाता है। नागल ने इस महीने की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था।

### अब सुधार करने का समय : हसरंगा

**ग्रोस आइलेट।** श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा का मानना है कि टीम ने बड़े टूर्नामेंटों में बार-बार की गई गलतियों पर व्यापक रूप से चर्चा की है। टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अब इसे सुधारने पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। हसरंगा ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ अपने मैच गंवाने के बाद नीदरलैंड के खिलाफ अपनी टीम को मिली 83 रन की जीत को 'देर से मिली सफलता' करार दिया।

## यूरो कप 2024

# वेगहोर्स्ट के गोल से नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-1 से दी मात



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

नीदरलैंड के फॉरवर्ड वाउट वेगहोर्स्ट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर प्रभावित करते रहे हैं और रविवार रात को यूरोपीय चैंपियनशिप के मुकाबले में भी उन्होंने ऐसा करते हुए अंत में गोल कर अपनी टीम को पोलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई।

इस स्ट्राइकर ने 83वें मिनट में मेम्फिस डिपे की जगह मैदान पर आने के बाद पहले ही प्रयास में बाएं पैर से नीचा शॉट लगाकर गोल दाग दिया। डिपे ने कई मौके गंवा दिए थे। चोटिल स्टार रॉबर्ट लेवानडोस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किए गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के लिए कोडी गाकपो ने 29वें मिनट में पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच स्जेस्नी को चकमा देते हुए 'डिफ्लेक्टिड' शॉट से बराबरी गोल दागा। नीदरलैंड की इस जीत से ग्रुप डी की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीम पर कुछ दबाव बढ़ जाएगा।

### डेनमार्क और स्लोवेनिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला




डेनमार्क ने स्लोवेनिया के साथ मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ खेला। ग्रुप-सी के इस मैच में डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने 17वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। हालांकि, दूसरे हाफ में 77वें मिनट में एरिक जानजा ने गोल दाग स्लोवेनिया की वापसी कराई। इसके बाद दोनों टीमें फुल टाइम तक कोई गोल नहीं कर सकी। गत विजेता इटली मैदान पर उतरते ही कुछ समझ पाता कि 23वें सेकंड में उसके खिलाफ गोल हो गया। हालांकि इटली जल्द ही संभल गया और 16वें मिनट तक उसने दो गोल दागते हुए 2-1 की बढ़त बना ली और इसी अंतर से बाद में उसने अल्बानिया पर जीत हासिल कर ली।

### पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज

**तुर्कू।** मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था।



# इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया जूड ने 13वें मिनट में दागा गोल

एजेंसी ▶▶| गेल्सेंकिर्चेन

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया।



बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा, 'यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है।' इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

## टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह नही बना पाने पर हो रही ओलाचना

# कप्तानी छोड़ने के बारे में नहीं सोचा, पीसीबी करेगा फैसला

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लाउडरहिल

टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने के बाद आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने के बारे नहीं सोचा है और इस बारे में कोई फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद किया जाएगा। पिछले टी20 विश्व कप (2022) के उपविजेता पाकिस्तान को ग्रुप ए में अपने शुरुआती दो मैचों में अमेरिका और भारत से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे टीम सुपर आठ चरण में जगह बनाने में विफल रही।

एकदिवसीय विश्व कप (2023) के बाद टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में बाहर होने के कारण भारी आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान से जब आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पूछा गया कि क्या उनकी इस्तीफा देने की कोई योजना है, तो उन्होंने पलटवार किया। आयरलैंड को तीन विकेट से हराने के बाद बाबर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब मैं वापस जाऊंगा (पाकिस्तान) तो हम उन सभी चीजों पर चर्चा करेंगे जो यहां हुई हैं। अगर मुझे कप्तानी छोड़नी होगी, यह फैसला, मैं आपको खुलकर बताऊंगा।

मैं पर्दे के पीछे कुछ भी घोषणा नहीं करूंगा। जो कुछ भी होगा वह सब के सामने होगा।' बाबर ने कहा कि पीसीबी ने उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी थी और इसके जारी रखने पर कोई भी फैसला उन्हीं का होगा। उन्होंने कहा, 'मैंने इसके बारे में नहीं सोचा है। निर्णय पीसीबी का है।'



### कप्तानी के सवाल पर झल्लाए बाबर

इस दौरान बार-बार कप्तानी को लेकर सवाल पूछे जाने से बाबर झल्ला गए और उन्होंने निराशाजनक अंदाज में कहा कि टीम की हार के लिए सिर्फ उन्हें बलि का बकरा नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'हर कोई निराश है। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। मैंने आपको पहले भी कहा कि हम किसी एक खिलाड़ी की वजह से नहीं हारे हैं। हम एक टीम के तौर पर हारे हैं। मैं कप्तान हूं इसलिए आप बार-बार मेरे ऊपर उंगली उठा रहे हैं, मै सभी खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी की अपनी भूमिका होती है।'

चिंतन

# देश में रेल से यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

भारत में दुनिया का विशाल रेल नेटवर्क है, तकरीबन तीन करोड़ लोग प्रतिदिन रेल यात्रा करते हैं। सैकड़ों रूट लंबी दूरी के हैं, जिसमें तीन दिन में यात्रा पूरी होती है। ऐसे में रेल संचालन का सुरक्षित होना जरूरी है। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रेल हादसा देश की रेल सुरक्षा पर सवाल उठाता है। बेशक इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या कम है, लेकिन जिस तरह खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में उसी ट्रैक पर मालगाड़ी ने भीषण टक्कर मारी है, यह हादसा मानवीय गलती ज्यादा लगती है। मालगाड़ी को सिग्नल कैसे मिला? जबकि उसी ट्रैक पर कंचनजंगा एक्सप्रेस थी। इस हादसे को लेकर पहले रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा की ओर से कहा गया कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की, लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया, इसलिए मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। यह बात गले उतरने वाली नहीं थी, इस हादसे में ड्राइवर व गार्ड की मौत हुई है। रेल में रेल ड्राइवर सिग्नल को ओवरशूट नहीं करते हैं, कारण रेलवे के संचालन में ड्राइवर से अधिक स्टेशन प्रबंधन की भूमिका होती है। हर दो स्टेशन के बीच दोनों स्टेशन मास्टर, गार्ड व लोको पायलट के बीच प्रॉपर संचार होता है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से आई खबरों के मुताबिक, रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। इस बात को भी सच मान लिया जाय तो यह स्टेशन मास्टर की जिम्मेदारी थी कि उस स्टेशन की ओर आ रही सभी ट्रेनों के ड्राइवर व गार्ड को सूचना देते कि रेड सिग्नल खराब है, वहां मैनुअली सिग्नल मैन झंडे के साथ तैनात किए जा सकते थे। पर स्टेशन प्रबंधन ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। देश में यह पहला रेल हादसा नहीं है, वरन इससे पूर्व अनेक भीषण रेल हादसे हुए हैं, जिनमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है। हर हादसे के बाद रेलवे की सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई जाती है, सरकार की ओर से इसे ठीक करने का वादा किया जाता है, लेकिन रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती है। पश्चिम बंगाल की इस रेल दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड की ओर से कही गई है कि यह रेलवे ट्रैक ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं था। भारत में अभी भी सैकड़ों रेलवे ट्रैक हैं, जो ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं है। इस हादसे की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। क्या यह हादसा, खराब सिग्नल की वजह से हुआ या यह ड्राइवर की चूक से हुआ या इंटरलॉकिंग फेल्योर के चलते हुआ? रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर सोमवार को जहां पर सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां 'कवच' या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है। आखिर इस रेल हादसे के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या उन्हें सजा मिलेगी? या फिर जिम्मेदारी की लीपापोती होगी? आखिर हमारा रेल तंत्र पूर्ण सुरक्षित कब होगा? रेल यात्रा अभी भी भारत की सबसे अधिक विश्वसनीय व सुरक्षित यातायात बनी हुई है। यह सरकार की आय का बड़ा साधन भी है। रेलवे के संचालन को सुरक्षित, नई तकनीक से लैस, आपसी संचार प्रणाली को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। तभी हादसे रुकेंगे।



राजनीति
राज कुमार सिंह

# दलबदलुओं को नकार रहा जनमत

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। असल संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 प्रतिशत और 56.5 प्रतिशत थी, जो 2024 में 32.7 फीसदी रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा।

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। सत्ता को ही राजनीति का पहला और अंतिम सच मानने वाले नेता चुनाव जीतने के लिए दलबदल में संकोच नहीं करते। दलों को भी दलबदलुओं पर दांव लगाने से परहेज नहीं, पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को मतदाताओं का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार दिया। दलबदल की बीमारी किस तरह नासूर बनती जा रही है, इसका अंदाजा इसीसे लगाया जा सकता है कि अठ्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव में डेढ़ सौ से भी ज्यादा दलबदुओं पर दलों ने दांव लगाया। भाजपा खुद को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बताती है, पर उसीने सौ से भी ज्यादा दलबदलुओं को टिकट दिया। उत्तर प्रदेश में यह खेल बड़े पैमाने पर खेला गया। विभिन्न दलों ने 30 दलबदलू चुनाव मैदान में उतारे, जिनमें से 12 हार गये। बसपा ने 11 दलबदलुओं को टिकट दिया। जीतना तो बहुत दूर, सभी तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली बसपा का इस बार खाता तक नहीं खुला। वैसे सपा द्वारा चुनाव मैदान में उतारे गये नौ में से सात और भाजपा द्वारा टिकट दिये गये तीन में से दो दलबदलू जीत भी गये।

दिल्ली के तीन ओर बसे हरियाणा में भाजपा ने दलबदलू अशोक तंवर पर दांव लगाया, पर सिरसा के मतदाताओं ने उन्हें नकारते हुए कांग्रेस की कुमारी सैलजा को चुना। नेहरू परिवार के करीबी माने जाने वाले तंवर खुद कभी हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से टकराव के चलते तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ी। पहले अपना मोर्चा बनाया। फिर तृणमूल कांग्रेस और आप से होते हुए ठीक चुनाव से पहले तंवर ने कमल थाम लिया। हरियाणा के मंत्री रणजीत चौटाला चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। भाई ओम प्रकाश चौटाला से पटरी न बैठने पर कांग्रेस में गये थे। विधायक और मंत्री भी रहे। पिछली बार निर्दलीय विधायक बन कर भाजपा की सरकार में मंत्री बने। इस बार भाजपा ने हिसार से उम्मीदवार भी बना दिया, पर कांग्रेस के जय प्रकाश से हार गये। वैसे कांग्रेस से लाकर कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाये गये नवीन जिंदल जीत भी गये। पंजाब की आन-बान-शान की बड़ी चर्चा होती है, पर शायद राजनेताओं का उससे ज्यादा सरोकार नहीं। कैप्टन अमरेंद्र सिंह कांग्रेस द्वारा 2021 में अपमानजनक तरीके से मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के कुछ अरसा बाद ही भाजपा में चले गये थे। उनकी सांसद पत्नी परनीत कौर लोकसभा चुनावों से कुछ ही पहले गयीं। भाजपा ने टिकट भी दे दिया, पर पटियाला के मतदाताओं ने कांग्रेस की केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुकीं परनीत कौर को तीसरे स्थान पर रखा। परनीत कौर 2014 में भी पटियाला से चुनाव हारी थीं। तब भी डॉ धर्मबीर गांधी ने ही हराया था। तब गांधी आप के उम्मीदवार थे, जबकि इस बार कांग्रेस के।

लुधियाना से भी भाजपा ने तीन बार के कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू पर दांव लगाया, पर मतदाताओं ने नकार दिया और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह



राजा वडिग सांसद बन गये। बिट्टू के लिए संतोष की बात है कि चुनाव हारने के बाद भी केंद्र में राज्य मंत्री बना दिये गये हैं। भाजपा की रणनीति उन्हें पंजाब की राजनीति में अपने सिख चेहरे के रूप में पेश करने की है। जालंधर का उदाहरण और भी गजब है। कांग्रेस सांसद की मृत्यु के बाद वहां उप चुनाव होने पर आप ने कांग्रेस पार्षद रहे सुशील कुमार रिंकू पर दांव लगाया। मतदाताओं ने जिता भी दिया, पर इस बार चुनाव से पहले पाला बदल कर रिंकू भाजपाई हो गये। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद पहली बार अकेले लोकसभा चुनाव लड़ रही भाजपा ने टिकट भी दे दिया, लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जिता दिया। जालंधर से आप ने भी अकाली दल के दलबदलू पवन कुमार टीनू पर दांव लगाया था। झारखंड में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के चलते मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बावजूद जब सरकार नहीं गिरी, तब भाजपा ने उनकी भाभी सीता सोरेन से दलबदल करवाया। सीता सोरेन को दुमका से लोकसभा टिकट भी दिया, पर मतदाताओं ने नकार दिया। बिहार में वाल्मीकि नगर से टिकट न मिलने पर भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुए दीपक यादव भी जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार से हार गये। मुजफ्फरपुर सीट से भाजपा सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस के टिकट पर लड़े, पर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। दिलचस्प यह है कि मतदाताओं ने जिन भाजपाई उम्मीदवार राज भूषण चौधरी को जिताया, वह भी मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी से दलबदल कर आये थे। आगामी विधानसभा चुनावों के सामाजिक गणित के मद्देनजर राज भूषण चौधरी को केंद्र में राज्य मंत्री भी बना दिया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में वे राजग को कितना लाभ पहुंचा पाएंगे, यह तो चुनाव के बाद ही पता लगेगा।

एके एंटनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। केंद्र में मंत्री और केरल के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर उनके बेटे अनिल एंटनी अब भाजपा में हैं। उन्हें पथानामथिट्टा से उम्मीदवार भी बनाया गया, पर कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी से हार गये। राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट पर भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा पर दांव लगाया, लेकिन वह राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के निवर्तमान सांसद हनुमान बैनीवाल से हार गयीं। चुरू से राहुल कस्वां पिछली बार भाजपा के टिकट पर सांसद बने थे। इस बार भाजपा ने पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट देवेंद्र झांझड़िया पर दांव लगाया तो राहुल कांग्रेस उम्मीदवार बन गये और जीत भी गये। तृणमूल कांग्रेस से वापस लौट कर बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार बने अर्जुन सिंह इस चुनाव में तृणमूल के पार्थ भौमिक से हार गये। पश्चिम बंगाल में तृणमूल से भाजपा में शामिल हुए पांच बड़े दलबदलुओं में से मात्र एक सौमेंदु अधिकारी ही जीत पाये। महाराष्ट्र में चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तोड़ कर एकनाथ शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री बने अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा तक को चुनाव नहीं जितवा पाये और अब उन्हें राज्यसभा में भेजने की कोशिश में हैं। यह सूची बहुत लंबी बन सकती है, पर सबक यही है कि दलबदलुओं को सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा। सत्ता के खिलाड़ी राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सुखद संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 और 56.5 थी, जो 2024 में 32.7 रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। चुनाव के बाद भी सरकार बनाने के लिए की जाने वाली जोड़-जोड़ व पाला बदल पर लगाम की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वायू प्रदूषण
गीता यादव



# हवाओं को जहरीली होने से बचाएं

आज हवा में हर तरफ जहर ही जहर है। पर्यावरण प्रदूषण 21वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब दूषित हो रहे हैं। लेकिन किसी को चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं। प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए, वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं। हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है और वे अनैतिक व आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह अनैतिक व्यवहार के लिए भी जिम्मेदार है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज' के अनुसार, वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है। न्यूयॉर्क के कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक, डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल सेहत खराब करता है, बल्कि नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। वहीं लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे छोटे अपराध के पीछे पर कारण वायु प्रदूषण हो सकते हैं।

शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है। प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह अध्ययन 'जर्नल ऑफ एब्नार्मल चाइल्ड साइकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है। इस अध्ययन का नेतृत्व करने वाली शोधकर्ता डायना योनान के अनुसार, प्रदूषण के लिए जिम्मेदार छोटे कणों को पार्टिकुलेट मैटर भी कहा जाता है। यह कण एक बाल के किनारे से भी 30 गुना छोटा होता है। यह कण स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक होते हैं।

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया की रिसर्च एसोसिएट योनान ने कहा, यह छोटे विषैले कण हमारे शरीर के भीतर प्रवेश करके हमारे फेफड़ों और दिल को प्रभावित करते हैं। उनके अनुसार पीएम 2.5 खासकर विकसित हो रहे मस्तिष्क के लिए नुकसानदायक होते हैं। क्योंकि यह मस्तिष्क की संरचना और तंत्रिका तंत्र को क्षति पहुंचाने के साथ ही किशोरों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। समय-समय पर हुए बहुत सारे अध्ययन यह बताते रहे हैं कि वायु प्रदूषण मस्तिष्क की गतिविधियों को प्रभावित करने में सक्षम है। अपराध को बढ़ावा देने के अलावा, यह मानसिक स्वास्थ्य में भी गंभीर गिरावट ला सकता है। मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलिजेंट क्योशेंट को कम कर देता है। इसलिए हवा को स्वच्छ रखना जरूरी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक-रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### जरूरी है बुजुर्गों का सम्मान


हर वर्ष 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, भेदभाव और उपेक्षा रोकने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत से देशों में भी हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 प्रतिशत होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। हमें यह सुनिश्चित बनाना है कि बुजुर्गों का सम्मान अनिवार्य रूप से हो।

*- मनोज पटेल, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

## टाइटन पनडुब्बी हादसे को हुए एक वर्ष पूर्ण

समुद्र की गहराई में छिपे टाइटैनिक जहाज के रहस्यों पर से पर्दा उठाने के लिए पिछले वर्ष जून में पानी में उतरी एक प्रयोगात्मक पनडुब्बी 'टाइटन' घातक विस्फोट का शिकार हो गयी थी। हालांकि उस हादसे के बाद भी समुद्र के रहस्य खोजने वालों के हौसले बुलंद हैं लेकिन कई सवाल भी ज्यों के त्यों हैं। उत्तर अटलांटिक समुद्र में समाये टाइटैनिक पोत का मलबा दिखाने के लिए जाते वक्त दुर्घटना का शिकार हुई टाइटन पनडुब्बी के हादसे को मंगलवार को एक वर्ष पूरा हो गया। टाइटन पनडुब्बी को ढूंढ निकालने के लिए पांच दिनों तक चले खोज अभियान ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। अधिकारियों ने बताया कि पनडुब्बी नष्ट हो गयी और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे के बाद कई सवाल उठे थे कि क्या टाइटन का अपरंपरागत डिजाइन या फिर पनडुब्बी के निर्माताओं द्वारा उद्योग मानकों की स्वतंत्र जांच कराये जाने से इनकार करना ही तो कहीं दुर्घटना की वजह नहीं थी। अमेरिकी तटरक्षक बल ने हादसे के बाद तुरंत एक उच्च-स्तरीय जांच बुलाई लेकिन अधिकारियों ने बताया कि जांच में 12 महीने की समय सीमा से अधिक वक्त लग रहा है और उनके निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए सुनवाई कम से कम अगले दो महीनों तक नहीं होगी।



ऑफ बीट

## एआई कोई जादू की छड़ी नहीं, इसमें कई समस्याएं

अब तक हम सभी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बहुत कुछ सुना और पढ़ा है। कुछ लोगों के लिए, एआई एक जादू की छड़ी की तरह लगता है जो हर मुश्किल आसान कर सकता है। लेकिन एआई परफेक्ट नहीं है। न्यूयॉर्क शहर के एक चैटबॉट ने लोगों को कानून तोड़ने की सलाह दी, और गूगल का एआई ओवरव्यू लोगों को चट्टानें खाने के लिए कह रहा है। एआई प्रणाली की कुछ अंतर्निहित कमियां हैं। सभी एआई प्रणालियों के लिए अंतर्निहित मुद्दों में से एक यह है कि वे वास्तविक दुनिया की सेटिंग्स में 100% सटीक नहीं हैं। आपने एआई द्वारा पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने के बारे में सुना होगा। आमतौर पर, पूर्वाग्रह तब होता है जब हमारे पास असंतुलित डेटा होता है। सरल शब्दों में, इसका मतलब यह है कि एआई प्रणाली को प्रशिक्षित करते समय, हम इसे एक प्रकार के परिणाम के बहुत सारे उदाहरण और दूसरे प्रकार के बहुत कम उदाहरण दिखा रहे हैं। एआई सिस्टम को पूर्वाग्रह बनाए रखने से रोकने के लिए संतुलित डेटा का होना महत्वपूर्ण है। एआई के साथ एक और समस्या तब उत्पन्न हो सकती है जब इसे ऑफ़लाइन प्रशिक्षित किया गया हो और यह उस समस्या की गतिशीलता के साथ अद्यतित न हो जिस पर इसे काम करना है। एआई के इन मुद्दों के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है।



ट्रेंड

### मिलकर काम करेंगे



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मेरी सुखद शिष्टाचार मुलाकात हुई। उन्होंने अपने जीवन के कई बहुमूल्य अनुभवों को मेरे साथ साझा किया। हम सब मिलकर देश के लिए काम करेंगे।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### जीवन को खुशहाल बनाएं



झूमर की तरह लटके अमलतास के फूल सेहत की दृष्टि से बड़े गुणकारी हैं। दुनिया की सबसे शक्तिशाली जड़ीबूटी में इसकी गिनती होती है। इसका पीला रंग दिमाग में पॉजिटिविटी भरता है। योग संग प्राकृतिक रंगों से जीवन को खुशहाल बनाएं।

-स्वामी रामदेव, योग गुरु

### नई दृष्टि के साथ



चीजों को अलग ढंग से देखने में कभी देर नहीं होती। बिल्कुल अलग कोण या दृष्टिकोण से। हम सभी को कभी-कभी नया चश्मा पहनने की जरूरत पड़ती है। नए सप्ताह की शुरुआत नई दृष्टि के साथ करें।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### उबाऊ नौकरियां



हर कोई कह रहा है कि कैसे एआई विश्व अर्थव्यवस्था को बाधित करेगा है। मैं भी नौकरी खोने की चिंता से सहमत हूं। और हां, बड़ी नौकरी का नुकसान होगा। शायद अब कम वेतन वाली उबाऊ नौकरियां नहीं करना चाहेंगे।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# खराब रेलवे सिग्नल बना हादसे की वजह, विपक्ष ने साधा निशाना

**न्यू जलपाईगुड़ी/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार को सुबह एक मालगाड़ी की टक्कर लगने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के पीछे के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे कम से कम 9 यात्री मारे गए और 41 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, हालांकि राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उन यात्रियों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं जो अभी भी अंदर फंसे हो सकते हैं। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का पायलट और सह-पायलट भी शामिल है।

## मालगाड़ी चालक की कोई गलती नहीं थी उसे लाल सिग्नल पार करने की अनुमति थी

पश्चिम बंगाल में रानीपतरा रेलवे स्टेशन और चत्तर हाट जंक्शन के बीच सोमवार को कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारने वाली मालगाड़ी को स्वचालित सिग्नलिंग "विफल" हो जाने के कारण सभी लाल सिग्नल पार करने की अनुमति दी गई थी। रेलवे के आंतरिक दस्तावेज से यह पता चला है। रेलवे के एक सूत्र ने कहा कि रानीपतरा के स्टेशन मास्टर द्वारा मालगाड़ी के चालक को टीए 912 नामक एक लिखित मंजूरी दी गई थी, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने का अधिकार दिया गया था। इस अधिकार पत्र में कहा गया, "स्वचालित सिग्नलिंग विफल हो गई है और आपको आरएनआई (रानीपतरा रेलवे स्टेशन) और सीएटी (चत्तर हाट जंक्शन) के बीच सभी स्वचालित सिग्नलों को पार करने के लिए अधिकृत किया जाता है।" इसमें यह भी उल्लेख किया गया कि आरएनआई और सीएटी के बीच नौ सिग्नल हैं और मालगाड़ी चालक को सभी सिग्नल को तेजी से पार करने का अधिकार है, भले ही वे लाल या सावधानी (पीले या दोहरे पीले) संकेत दिखा रहे हों।

## ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं था मार्ग

रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर 'कवच' या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, "अभी यह वहां नहीं है।" उन्होंने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि ट्रेन परिचालन सुरक्षित रहे।" सिन्हा ने कहा कि 'कवच' का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 1,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर पहले से ही क्रियाशील है, जबकि इस वर्ष के अंत तक इसमें 3,000 किलोमीटर और जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे नेटवर्क में कवच परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रणाली का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए। सिन्हा ने बताया कि घायलों को सिलीगुड़ी स्थित उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## राहुल और खरगे ने आलोचना की

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और इसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रेल मंत्रालय के 'घोर कुप्रबंधन' का जिक्र करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की। खरगे ने कहा, "दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार रेल मंत्रालय के 'घोर कुप्रबंधन' में लिप्त रही है।

## रेलवे को यात्रियों की परवाह नहीं : ममता

कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा- रेल मंत्रालय को यात्रियों की सुविधाओं की परवाह नहीं है। उन्हें अधिकारियों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों की भी परवाह नहीं है। वे भी परेशानी में हैं। उनकी पुरानी पेंशन वापस ले ली गई है।

## खबर संक्षेप

### कोलकाता पुलिस राजभवन तुरंत खाली करे : राज्यपाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार सुबह राजभवन में तैनात



कोलकाता पुलिस के जवानों को तुरंत परिसर खाली करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गवर्नर बोस राजभवन के नॉर्थ गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच में बनाने की योजना बना रहे हैं।

### केरल कांग्रेस ने विवादित पोस्ट पर माफी मांगी

**तिरुवनंतपुरम।** इटली में जी-7 मीटिंग के 14 जून को ईसाई धर्मगुरु



पोप फ्रांसिस और पीएम मोदी की मुलाकात हुई थी। इसकी तस्वीर पोस्ट करते हुए केरल कांग्रेस ने को लिखा था- आखिरकार पोप की भगवान से मुलाकात हो ही गई। केरल कांग्रेस ने मोदी के 'भगवान ने मुझे स्पेशल मिशन के लिए भेजा है' बयान को लेकर तंज किया था। विरोध बढ़ने पर केरल कांग्रेस ने माफी मांगी ली।

### एअर इंडिया फ्लाइट में खाने में ब्लेड मिली

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिली। पैसेंजर ने



खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। इस पोस्ट के बाद रविवार 16 जून को एअर इंडिया ने बयान जारी कर पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने की बात को स्वीकार किया और माफी मांगी। दरअसल, मैथुरेस पॉल नाम का पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रहा था। पॉल ने 10 जून को एक्स पर एअर इंडिया की फ्लाइट में खाने में मिली ब्लेड की दो फोटो शेयर कीं।

### वोट नहीं दिया, यादव और मुस्लिमों का काम नहीं करूंगा

**पटना।** बिहार के जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर लोकसभा चुनाव में कम वोट मिलने से नाराज हैं।



उन्होंने सीतामढ़ी सीट से चुनाव जीता है। उन्होंने कहा, 'अब वे यादव और मुसलमानों के लिए कोई काम नहीं करेंगे। यादव और मुसलमान समाज के लोग कोई काम करवाने आते हैं तो जरूर आएं, लेकिन चाय, नाश्ता कर वापस चले जाएं।'



## ...बिन पानी सब सून

### पीने के पानी के लिए भी तरस रहे लोग

### नदियां सूखीं, राज्य एक दूसरे से लड़ रहे

# दिल्ली में जल संकट गहराया, गरमाई सियासत

*राजधानी दिल्ली में लगातार गहराता जा रहा जल संकट* | *कई इलाकों में नहीं हो पा रही समूची पानी की आपूर्ति* | *भाजपा आप सरकार को ठहरा रही जिम्मेदार* | *आप सरकार भाजपा शासित राज्यों पर लगा रही आरोप* | *राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच पिस रही जनता*

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। अब दिल्ली के वीआईपी इलाके में भी पानी में कटौती की जाएगी। एनडीएमसी ने कहा है कि लुटियंस दिल्ली में पानी की आपूर्ति में कटौती होगी। इस बीच दिल्ली पुलिस लगातार पाइपलाइनों की रखवाली कर रही है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद बैराज का निरीक्षण भी किया है। इधर भीषण गर्मी के बीच पानी के सवाल पर सियासी उबाल भी आ गया है। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) सरकार जहां जल संकट के लिए भाजपा शासित राज्य हरियाणा को जिम्मेदार ठहरा रही है। वहीं भाजपा और कांग्रेस इसके लिए 'आप' के भ्रष्टाचार को वजह बता रहे हैं। दिल्ली में जारी जल संकट को लेकर भाजपा ने आज राजधानी के 52 विधानसभा क्षेत्रों में एक बार फिर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

**इन इलाकों में संकट :** बंगाली मार्केट, अशोक रोड, हरिचंद माथुर लेन, कैनिंग लेन, फिरोजशाह मार्ग, विंडसर प्लेस, केजी मार्ग, बाराखंबा, पुराना किला रोड, बाबर रोड समेत कुछ अन्य इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही।



### लुटियंस दिल्ली में भी पानी की कमी

दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। अब एनडीएमसी ने लुटियंस जोन इलाके में पानी की कमी को लेकर अलर्ट जारी किया है। एनडीएमसी के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि तिलक मार्ग और बंगाली मार्केट भूमिगत जलाशयों को दिल्ली बोर्ड से कम पानी मिल रहा है। इसलिए लुटियंस दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### आतिशी की अपील, हरियाणा यमुना नदी में पानी छोड़े

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सोमवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की। आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा,₹अगर पानी नहीं मिलेगा, तो जल उपचार संयंत्र कैसे काम करेंगे। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोग चिंतित हैं और उन्हें यमुना नदी में पानी छोड़ना चाहिए।

### बीजेपी की वजह से जल संकट : संजय सिंह

आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया, "पिछले कई दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है। जब मैं कह रहा हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो।"

### भाजपा का 'आप' सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और सांसदों ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राजधानी में जल संकट के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ शहर भर में प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदर्शनकारियों ने गंदे पानी की बोतलें लेकर 'आप' सरकार के खिलाफ नारे लगाए और राष्ट्रीय राजधानी में पानी की किल्लत के विरोध में मटके फोड़े।

## उधर, हिंदू कुश हिमालय में बर्फबारी रिकॉर्ड स्तर पर कम होने से जल संकट की आशंका

**नई दिल्ली (भाषा)।** हिंदु कुश हिमालय में इस वर्ष बर्फबारी में रिकॉर्ड स्तर की गिरावट के कारण निचले इलकों में रहने वाले लोगों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। नेपाल स्थित अंतर सरकारी संगठन 'अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केन्द्र' (आईसीआईएमओडी) के प्रमुख विशेषज्ञों ने जल प्रबंधन अधिकारियों से सूखा प्रबंधन रणनीतियों और आपातकालीन जल आपूर्ति उपायों को शुरू करने का आग्रह किया है। हिंदु कुश हिमालय क्षेत्र पृथ्वी की सतह पर जमे पानी पर व्यापक रूप से निर्भर करता है, जिसमें बर्फ, पर्माफ्रॉस्ट (ऐसी सतह जो पूरी तरह से जमी हुई होती है), बर्फ के पहाड़, झील और नदियां शामिल हैं।



### 24 करोड़ लोगों के लिए ताजे जल का स्त्रोत

हिंदु कुश हिमालय क्षेत्र में रहने वाले लगभग 24 करोड़ लोगों के लिए यह जमा हुआ पानी ताजे जल का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और निचले इलाके में रहने वाले लगभग 165 करोड़ लोगों को इस जमे हुए जल से दूरगामी लाभ होता है। बर्फ पिघलने से हिंदु कुश हिमालय क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली 12 प्रमुख नदी घाटियों के कुल जल प्रवाह का लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा बनता है। हालांकि इसका योगदान नदी दर नदी अलग-अलग होता है। अमु दरिया के जल प्रवाह में 74 प्रतिशत, हेलमंद के जल प्रवाह में 77 प्रतिशत और सिंधु के जल प्रवाह में 40 प्रतिशत पानी बर्फ पिघलने से आता है।

# बिहार समेत 22 राज्यों में आज बारिश का अनुमान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मौसम विभाग ने सोमवार को 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। यहां 20 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। इधर बिहार, झारखंड, ओडिशा, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में आज बारिश की संभावना है। हालांकि यहां हीटवेव का भी रेड अलर्ट जारी किया गया है।



### एमपी में प्री मानसून एक्टिविटी

मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश में प्री मानसून एक्टिविटी के चलते अगले 5 दिन बारिश का दौर रहेगा। यहां तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल में सोमवार सुबह तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। यहां 19-20 जून तक मानसून पहुंच सकता है।

**यूपी में पड़ रही भीषण गर्मी :** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। 24 घंटे में 6 जिलों- आगरा, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, वाराणसी और अमेठी में 52 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 22 मौतें वाराणसी में हुईं। यहां रामनगर में सोमवार सुबह एक पिकअप ड्राइवर की ड्राइविंग सीट पर बैठे-बैठे मौत हो गई। 4 ट्रक ड्राइवरों के शव उनकी गाड़ियों में मिले। हालांकि, प्रशासन ने अभी मौत की वजह नहीं बताई।

### फिलहाल नहीं मिलेगी प्रचंड गर्मी से राहत

आईएमडी के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में हीटवेव का भीषण प्रकोप आगे भी लगातार बना रहेगा। मध्य प्रदेश के कुछ भागों के लिए नारंगी चेतावनी के साथ आईएमडी ने धूल भरी आंधी के साथ बौछारों का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पूर्वी और उत्तर पूर्वी राज्यों में मौसम विभाग ने इस समय अवधि के दौरान अत्यधिक बारिश होने की संभावना जताई है।

### बंगाल में भाजपा की लिस्ट जारी

## चार विस सीट पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार किए घोषित

भाषा ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवारों की सोमवार को घोषणा की जिनमें कल्याण चौबे और तीन नये चेहरे शामिल हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पहले ही अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। भाजपा ने कोलकाता के मानिकतला निर्वाचन क्षेत्र से कल्याण चौबे, उत्तर दिनाजपुर जिले की रायगंज सीट से मानस कुमार घोष, नदिया जिले की रानाघाट दक्षिण (सुरक्षित) सीट से मनोज कुमार बिस्वास और बागदा (सुरक्षित) सीट से बिनय कुमार बिस्वास को मैदान में उतारा है। मनोज कुमार बिस्वास और बिनय कुमार विश्वास दोनों मतुआ समुदाय से हैं। ये दोनों सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चौबे 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी नेता साधन पांडे से हार गए थे लेकिन पांडे के निधन के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। टीएमसी ने रायगंज से कृष्णा कल्याणी, रानाघाट-दक्षिण से मुकुट मणि अधिकारी, मानिकतला से सुप्ति पांडे और बागदा से मधुपर्णा ठाकुर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट



हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुन: रक्षा मंत्रालय का पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं व बधाई दी।

### अखिलेश ने की खिंचाई

## केंद्र युवाओं के मामलों को अपने चौतरफा भ्रष्टाचार से मुक्त रखे

**लखनऊ (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि वह कम से कम युवाओं के मामलों को अपने चौतरफा भ्रष्टाचार से मुक्त रखे। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''विभिन्न परीक्षाओं का पेपर लीक होना, परीक्षा में केंद्र से लेकर 'सॉल्वर' तक की



धांधली होना, परीक्षा कराने वाली एजेंसी का काम शक के घेरे में आना, परिणाम में कृपांक की हेराफेरी होना, मनचाहे केंद्र मिलना, एक ही केंद्र से कई अभ्यर्थियों का चयन होना और पूरे अंक आना केवल परीक्षा प्रबंधन की समस्या नहीं है।'

### कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

## गौरव गोगोई ने चुनाव आयोग से खराब ईवीएम का डेटा मांगा

**नई दिल्ली।** असम की जोरहाट सीट से कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने चुनाव आयोग से खराब ईवीएम का डेटा जारी करने की मांग की है। गोगोई ने कहा कि वह पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि इन मशीनों ने गलत परिणाम दिखाए हैं। गौरव ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को अचूक मानने से पहले चुनाव आयोग को यह डेटा जारी करना चाहिए कि पूरे लोकसभा चुनाव



के दौरान कितनी ईपीएम में गड़बड़ी पाई गई। गोगोई का यह बयान ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों पर चल रहे विवाद के एक दिन बाद आया है। 16 जून को राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था।

## खबर संक्षेप



नई दिल्ली। सोमवार को जामा मस्जिद में लड़कियां एक-दूसरे को ईद-उल-अजहा की बधाई देती हुईं।

### पीएम ने ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ईद-उल-अजहा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''ईद-उल-अजहा की बधाई! मैं कामना करता हूं कि यह विशेष अवसर हमारे समाज में सद्भाव और एकजुटता के बंधन को और मजबूत करे। सभी खुश और स्वस्थ रहें।'

### पाक सरकार ने इमरान की पार्टी को चेताया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से "राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार" को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी।

### मेलबर्न जा रहे जेट के इंजन में लगी आग

**वेलिंगटन (एपी)।** न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।

### रेणुकास्वामी हत्या केस में अभिनेता को नोटिस

**बेंगलुरु (भाषा)।** रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रहे पुलिस दल ने सोमवार को कन्नड अभिनेता चिक्कन्ना को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया। पुलिस रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन थूगुदीप और उसकी मित्र पवित्रा गौड़ा समेत 19 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य रूप से हास्य भूमिकाओं में नजर आने वाले 37 वर्षीय चिक्कन्ना से पूछताछ करने का निर्णय लिया गया क्योंकि वह आठ जून की रात को दर्शन के साथ थे।

## अमेरिकी एनएसए मोदी से मिले, पीएम ने कहा

# भारत-यूएस व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे यूएस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत वैश्विक भलाई के लिए भारत-अमेरिका के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान सुलिवन ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में जहां प्रधानमंत्री को अवगत कराया वहीं मोदी ने नए कार्यकाल में भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने जानकारी दी। पीएमओ ने विशेष रूप से महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों (आईसीईटी) पहल के तहत सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा), दूरसंचार, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों के बारे में। प्रधानमंत्री ने सभी क्षेत्रों में बढ़ती द्विपक्षीय साझेदारी की गति और पैमाने और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान पर संतोष व्यक्त किया।

**17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर सुलिवन**





### विदेश मंत्री जयशंकर से भी की मुलाकात

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर से भी की मुलाकात बाइडन प्रशासन के शीर्ष अधिकारी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह नई दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने आगे भरोसा जताया कि भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी नए कार्यकाल में भी मजबूती से

- उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल , द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की
- भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के क्रियान्वयन में देरी को लेकर विचार विमर्श किया

### अजीत डोभाल की भी अमेरिकी समकक्ष से मिले



अजीत डोभाल और जैक सुलिवान के बीच नई दिल्ली में भारत-अमेरिका इंनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमरजिंग टेकनोलॉजी (आईसीईटी) समूह की दूसरी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात पर भी विचार-विमर्श किया गया। अमेरिका की जीई एयरोस्पेस और भारत की एचएएल द्वारा भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए विकसित जाने वाले एडवांस एफ-414 जेट इंजन का मुद्दा भी उक्त बातचीत में शामिल रहा। आज दोनों एनएसए सीआईआई द्वारा आयोजित उद्योग समूह के सीईओ के साथ भारत-अमेरिका आईसीईटी गोलमेज वार्ता में शिरकत करेंगे। दोनों पक्ष आईसीईटी रोडमैप के क्रियान्वयन की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

# अमरनाथ यात्रा से पहले सीडीएस ने जम्मू में की सुरक्षा हालात की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार को अपनी एक दिवसीय यात्रा के तहत जम्मू पहुंचे। यहां नगरोटा स्थित सेना की 16वीं कोर के मुख्यालय में उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ इलाके के मौजूदा सुरक्षा हालात और सेना सहित अन्य सुरक्षाबलों की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की।

सीडीएस की यह यात्रा बीते कुछ समय से जम्मू में लगातार बढ़ते आतंकवादी हमलों और जून के अंत में शुरू होने वाली वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर 16 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली में की गई एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समीक्षा बैठक के तुरंत बाद की गई है।

### दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक बैठकें जारी, कड़ी नजर

जम्मू में सीडीएस को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की सबसे महत्वपूर्ण उत्तरी कमांड के कमांडर (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने इलाके के मौजूदा सूरते हाल के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उनके साथ उत्तरी कमांड के कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। यह बैठक उन तमाम सुरक्षा समीक्षा बैठकों में शामिल है। जिनका सिलसिला इन दिनों राष्ट्रीय राजधानी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक जारी है। बताते चलें कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने रविवार को भारतीय सेना की 15वीं कोर (चिनार कोर) का दौरा किया था। जहां उन्होंने सशस्त्र बल के अधिकारियों को एकजुटता, एकीकरण को लेकर लेकर संबोधित किया और त्रि सैन्य स्तरीय सामंजस्य और बदलाव से जुड़ी हुई उपलब्धियों को रेखांकित किया।

### दक्षिण चीन सागर में चीनी पोत और फिलीपीन आपूर्ति जहाज की टक्कर

**बीजिंग\ताइपे (एजेंसी)।** दक्षिण चीन सागर में विवादित 'स्प्रैटली' द्वीप समूह के निकट सोमवार को एक चीनी जहाज और फिलीपीन के एक आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर हो गई। क्षेत्रीय विवाद को लेकर बढ़ती तनातनी ने खतरे की घंटी बजा दी है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपीन का एक आपूर्ति जहाज 'स्प्रैटली' द्वीप समूह में जलमग्न चट्टान 'सेकंड थॉमस शोल' के निकट जलक्षेत्र में घुस आया। 'स्प्रैटली' द्वीप समूह पर, कई देश अपने-अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करते हैं। फिलीपीन की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया है। चीनी तटरक्षक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीचैट' पर एक बयान में कहा कि फिलीपीन का एक आपूर्ति जहाज चीन द्वारा बार-बार दी गयी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए गैर-पेशेवर तरीके से एक चीनी जहाज के पास खतरनाक तरीके से पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गई। 'इस दुर्घटना के लिए पूरी तरह से फिलीपीन जिम्मेदार है।

- फिलीपीन की सेना ने चीन के के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया

### दो जहाजों और अमेरिकी विध्वंसक पर फिर हमला

**सना(एजेंसी)।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने आज भी बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। हूती का दावा है कि उन्होंने लाल सागर व अरब सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक जहाज के साथ दो नागरिक जहाजों पर हमला किया है। हालांकि उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल किया या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हुई है। यमन के हूती ने दावा किया है उन्होंने लाल सागर और अरब सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक जहाज के साथ दो नागरिक जहाजों पर हमला किया है। यह गाजा में फलस्तीनियों के समर्थन में शिपिंग को बाधित करने की कोशिश है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि विद्रोहियों ने अमेरिकी विध्वंसक पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। साथ ही कैप्टन पेरिस नामक जहाज पर नौसैनिक मिसाइलें और हैप्पी कोंडोर नामक जहाज पर ड्रोन दागे हैं।

# दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु हथियारों के मामले में चीन ने भारत-पाक को पछाड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास संघर्ष के बीच अत्यधिक चिंताजनक बने हुए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात के बीच स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्ट्टीट्यूट (सिपरी) की सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु हथियारों के मामले में चीन, भारत और पाकिस्तान से काफी आगे निकल गया है। मौजूदा वर्ष 2024 में ड्रैगन के पास कुल 500 परमाणु हथियार हैं। जबकि भारत के पास 172 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। पिछले साल की स्थिति पर नजर डालें तो चीन के पास वर्ष 2023 में 410 परमाणु हथियार थे। चीन के परमाणु हथियारों की संख्या में आगे भी यह बढ़ोतरी जारी रहेगी। सिपरी के मास डस्ट्रक्शिन प्रोग्राम और न्यूक्लियर इनफार्मेशन प्रोजेक्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी एच.एम क्रस्टिंसेन ने कहा कि दुनिया के बाकी देशों की तुलना में चीन अपने परमाणु हथियार ज्यादा तेज गति से बढ़ा रहा है। लेकिन वहीं, दूसरी ओर सभी परमाणु शस्त्रों से लैस देशों भी अपने परमाणु हथियारों की के जखीरे को आगे बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**सिपरी की रिपोर्ट, ड्रैगन के पास 500, भारत के पास 172 व पाक के पास 170 परमाणु हथियार**

### एलएसी विवाद चिंता का सबब

जानकारों का मानना है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार वर्षों से अधिक समय से जारी विवाद के बीच चीन के परमाणु हथियारों में हुई यह वृद्धि भारत के लिए भविष्य में चिंता का सबब बन सकता है। भारत दुश्मन द्वारा दी जाने वाली किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सदैव तैयार है। ड्रैगन ने पिछले एक साल में 90 नए परमाणु हथियार बनाए हैं। इनमें से 24 को

**दुनिया में कुल 12 हजार 121 हथियार:** रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा वर्ष में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल जैसे देशों के पास कुल परमाणु बमों की संख्या 12 हजार 121 पर पहुंच गई है। इनमें से 9 हजार 585 बम इन देशों के परमाणु हथियारों के जखीरे में तैनात किए गए हैं। 3 हजार 904 परमाणु बमों को मिसाइलों और लड़ाकू विमानों में तैनात किया गया है। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले 60 गुना ज्यादा है। कुल 12 हजार में से 2 हजार 100 परमाणु हथियार अंतर महाद्वीपीय मिसाइलों में हाई अलर्ट की मुद्रा में तैनात किए गए हैं।

### परमाणु हथियारों के मामले में अभी शीर्ष पर रूस

सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे ज्यादा 5 हजार 580 परमाणु हथियार रूस के पास हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर 5 हजार 44 परमाणु हथियारों के साथ अमेरिका है। इसके बाद तीसरे स्थान पर 500 परमाणु हथियारों के साथ अब चीन काबिज हो गया है। इसके बाद फ्रांस के पास 290, ब्रिटेन के पास 225, भारत के पास 172, पाकिस्तान के पास 170, उत्तर कोरिया के पास 50 और इजरायल के पास 90 परमाणु हथियार हैं। रिपोर्ट के हिसाब से भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया जैसे देश अब एक मिसाइल में कई परमाणु बम तैनात करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे एक साथ कई लक्ष्यों को नेस्तनाबूद किया जा सकता है। दुनिया में साल दर साल परमाणु हथियारों को नष्ट भी किया जा रहा है। लेकिन इसकी तुलना में कई नए हथियार भी बनाए जा रहे हैं। भारत और पाक लगातार नए प्रकार के परमाणु हथियार विकसित कर रहे हैं।

# चालीस किमी दूर बैठे डॉक्टर ने कर दिया कैंसर का ऑपरेशन



- दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती था मरीज
- गुरुग्राम में मौजूद डॉक्टर ने टेलीसर्जरी तकनीक से किया सफल ऑपरेशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के रोहिणी स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर और 40 किलोमीटर दूर गुरुग्राम में मौजूद डॉक्टर की एक टीम ने इतिहास रच दिया है। डॉक्टर की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए टेलीसर्जरी तकनीक के जरिए 40 किलोमीटर दूर भर्ती कैंसर मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। शनिवार को हुआ ऑपरेशन एक करीब एक घंटे 45 मिनट तक चला। इस दौरान मरीज को चीरा लगाने से लेकर ट्यूमर निकालने की प्रक्रिया और वापस टांके लगाने तक की प्रक्रिया वर्चुअली की गई। यह ऑपरेशन कैंसर इंस्टीट्यूट के चिकित्सा निदेशक व जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर रावल और उनकी टीम ने किया है। डॉक्टर की टीम ने रोबोट की मदद से मरीज के मूत्र मार्ग के आसपास कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को काटकर बाहर निकाला है। मरीज की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, मरीज को इसी सप्ताह छुट्टी दी जा सकती है। दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में जिस वक्त ऑपरेशन किया गया उस समय डॉक्टर की टीम गुरुग्राम के एसएन इनोवेशन में थी। ऑपरेशन के दौरान इंटरनेट या तकनीक में कोई दिक्कत ना आए, इसकी पूरी व्यवस्था की गई थी। जिससे यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा।

### रोबोट की मदद से इलाज

कैंसर इंस्टीट्यूट के चिकित्सा निदेशक डॉ. रावल ने बताया है कि अब देश के किसी भी कोने में मौजूद मरीज का इलाज टेलीसर्जरी से संभव है। ऑपरेशन के दौरान मेरे दोनों हाथ रोबोट पर थे। ऑपरेशन शुरू करने के कुछ ही सेकंड बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं ऑपरेशन थियेटर में हूं और मरीज सामने लेटा है। जिस तरह सामान्य ऑपरेशन में मरीज का सर्जरी वाला हिस्सा दिखता है, उसी तरह का विजन यहां 3डी क्वालिटी के साथ था। तीन दिन पहले ही इटली के रोम में बैठे चीनी डॉक्टर ने 13 हजार किमी दूर बीजिंग के अस्पताल में मरीज का सफल ऑपरेशन किया था। यह मरीज प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित था।

## निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित किया



- सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश का आरोपी ब्रूकलिन में संघीय मेट्रोपॉलिटन हिरासत केंद्र में बंद

**वाशिंगटन (भाषा)** अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। गुप्ता (52) को अमेरिकी नागरिक एवं सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोपों में अमेरिका की सरकार के अनुरोध पर पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। चेक संवैधानिक अदालत ने पिछले माह गुप्ता की प्रत्यर्पण के खिलाफ दी गई याचिका खारिज कर दी थी। गुप्ता एक अज्ञात भारतीय सरकारी अधिकारी के निर्देशों के अनुसार काम कर रहे थे। भारत ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से इंकार किया है और आरोपों की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

### भारत बनेगा गहरे समुद्र मिशन वाला छठा देश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत गहरे समुद्र मिशन वाला छठा देश बनने के लिए तैयार है। मंत्रालय की 100 दिवसीय कार्य योजना को लेकर आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिंह ने गहरे समुद्र मिशन की प्रगति पर गर्व और खुशी व्यक्त की। भारत उपलब्धि को हासिल करने वाले कुछ देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने संस्थानों से आजीविका के लिए समुद्र और उसकी ऊर्जा पर निर्भर लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गहरे समुद्र का मिशन खनिज अन्वेषण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समुद्री विज्ञान का विकास, वनस्पतियों एवं जीवों की खोज और समुद्री जैव विविधता का संरक्षण भी है।




**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वैश्विक खाद्य प्रणाली का 30 प्रतिशत हिस्सा**

# खानपान में बदलाव से पृथ्वी बचाने में कर सकते मदद

एजेंसी ▶▶| पामर्स्टन नॉर्थ (न्यूजीलैंड)

अपनी आहार सूची में ऐसे खाद्य पदार्थों का चयन करना एक जटिल समस्या है जो हमारे लिए बेहतर हों, पृथ्वी के लिए अच्छे हों, हमारी पहुंच में हों और सस्ते हों, लेकिन संयोग से यह शोध इस काम में आपकी मदद कर सकता है। ग्रीनहाउस गैस के वार्षिक उत्सर्जन में 30 प्रतिशत हिस्सा वैश्विक खाद्य प्रणाली का है।

पर्यावरण की दृष्टि से खाद्य उत्पादन का बड़ा योगदान है, वहीं हम जो खाना खाते हैं वह भी उतना ही असर डालता है। भरपूर पोषण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें क्या खाना चाहिए? इसे लेकर अलग-अलग विचार हैं जिसके कारण हम खाद्य पदार्थ का चयन करने में भ्रमित हो जाते हैं। जीवन-यापन के संकट भरे इस दौर में जरूरी है कि हमारा खानपान किफायती हो और उससे बिल्कुल अलग न हो जिसे खाने के हम आदी हैं ताकि लंबे समय तक हम इसे अपना सकें। संयोग से, हम इस बात से अवगत हैं कि एक स्वास्थ्यवर्धक खानपान किस तरह का होता है।

**'आईओटीए' मॉडल तैयार:** न्यूजीलैंड की संस्था 'सस्टेनेबल न्यूट्रीशन इनिशिएटिव' एक ऐसा आहार अनुकूलन उपकरण टूल कर रही है जिसे 'आईओटीए' मॉडल नाम दिया गया है। इसकी मदद से उपयोगकर्ता आसानी से पता लगा सकते हैं कि सामान्य आहार सूची को पोषक तत्वों से भरपूर आहार सूची में बदलने के लिए क्या करना होगा और इसके पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ सकते हैं? यह सब मौजूदा खानपान संबंधी आदतों में कम से कम बदलाव करके तैयार किया जाएगा।



❑ **सबकी पहुंच में और सुरक्षित हो :** डब्ल्यूएचओ व संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन ने ऐसे खानपान को टिकाऊ स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में परिभाषित किया है जो स्वास्थ्य के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर अपनाया गया हो, पर्यावरण पर कम प्रभाव डालता हो, सभी की पहुंच में हो, किफायती हो, सुरक्षित तथा सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य हो।

❑ **चयन करना जटील समस्या:** खानपान का चयन करना जटिल समस्या है। इसके समाधान को न्यूजीलैंड के रिडेट इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर आधारित गणितीय मॉडलिंग प्रणाली को अपनाया। प्रणाली को तैयार करने का मुख्य उद्देश्य ऐसे खाद्य पदार्थों का चयन करना है जिसमें सभी पहलुओं का ध्यान रखा गया हो, उनमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व हों, वे किफायती हों और उनका पर्यावरण पर प्रभाव कम से कम हो।

❑ **1945 से हुई शुरुआत:** साथ ही इसकी मदद से शोधकर्ता ऐसी आहार सूची बना सकते हैं जिसे लोगों के मौजूदा खानपान तरीकों और सांस्कृतिक प्राथमिकताओं में कम से कम बदलाव करके तैयार किया गया हो। आहार अनुकूलन नया चलन नहीं है। इसकी शुरुआत 1945 से हुई थी जब अर्थशास्त्री डॉ. जॉर्ज जे. स्टिग्लर ने कम से कम खर्च में आहार सूची तैयार कर इसे रोजमर्रा के जीवन में शामिल किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25